


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 318 | ग्वालियर , 11 सितम्बर सोमवार 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### भारत-फ्रांस संबंध में क्या होगा बदलाव




**नई दिल्ली।** भारत में दो दिवसीय जी 20 शिखर सम्मेलन का समापन हो गया है. पीएम नरेंद्र मोदी ने आधिकारिक रूप से जी-20 की अगली अध्यक्षता ब्राजील को सौंप दी है. देश की राष्टीय राजधानी में 9-10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन का भव्य का आयोजन हुआ था. इस समिट में शामिल होने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति से लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए. इस बीच आज दोपहर के भोजन के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बेहद ही सार्थक बातचीत हुई है. पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ दोपहर के भोजन के समय एक बहुत ही सार्थक बैठक हुई. हमने कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की. हम यह सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं कि भारत-फ्रांस संबंध प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएं. इसे लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने रविवार को वर्किंग लंच पर मुलाकात की. उन्होंने कई क्षेत्रों में भारत-फ्रांस साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया.

### उत्तराखंड में सोडा सिरौली के पास मिला महिला का शव, नहीं हो पाई शिनाख्त




**देहरादून।** उत्तराखंड में थाना रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत सोडा सिरौली के निकट सिरवाल गढ़ में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। उसकी उम्र 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। महिला के सिर पर चोट के निशान हैं। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी है। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। प्राथमिक दृष्टता मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और कर शव यहां फेंका गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। फिलहाल, शव की शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस मामले में आसपास पूछताछ कर रही है। थाना रायपुर प्रभारी कुंदन राम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया है और घटनास्थल के आसपास मृतका की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से भी शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है। साथ ही पुलिस द्वारा घटना के संबध में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### बारिश के चलते कर्णप्रयाग-ऋषिकेश हाईवे पर आया मलबा, हटाने की कोशिश जारी



**चमोली।** कर्णप्रयाग सहित आसपास के इलाकों में शनिवार से हो रही झमाझम बारिश रविवार को भी जारी रही। लगातार हो रही बारीश से जनजीवन बुरी तरह अस्तव्यस्त हो गया है। बारिश के चलते एक बार फिर पहाड़ों से मलवा आने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। बारिश के चलते कर्णप्रयाग- ऋषिकेश नेशनल हाईवे कमेड़ा के पास पहाड़ी से मलबा और बोल्डर आने से हाईवे बन्द पड़ा हुआ है। एनएच की मशीनों द्वारा हाईवे को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। दो दिनों से हो रही बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट आ गई है।

### भाजपा, आरएसएस का हिंदूत्व से कोई लेना-देना नहीं है: राहुल गांधी

**पेरिस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा और आरएसएस का हिंदूत्व से कोई लेना-देना नहीं है और वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करेंगे। फ्रांस के पेरिस में साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैंने गीता पढ़ी है। मैंने कई उपनिषद पढ़े हैं और कई हिंदू किताबें पढ़ी हैं। भाजपा जो करती है उसमें हिंदू जैसा कुछ भी नहीं है। बिल्कुल कुछ भी नहीं। केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले गांधी ने कहा, ÷मैंने कहीं भी किसी हिंदू किताब में नहीं पढ़ा है, किसी विद्वान हिंदू व्यक्ति से नहीं सुना है कि आपको उन लोगों को आतंकित करना चाहिए या उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए जो आपसे कमजोर हैं। भाजपा और आरएसएस का हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वे किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहते हैं और सत्ता पाने के लिए वे कुछ भी करेंगे। सरकार पर कटाक्ष करते हुए गांधी ने कहा, भाजपा और आरएसएस जो करने की कोशिश कर रहे हैं, मुझे लगता है कि उसका मुकाबला करने की जरूरत है। इसके लिए राजनीतिक कल्पनाशक्ति की आवश्यकता है। ऐसा किया जाना बहुत ज़रूरी है।

# भारत की सटीक प्लानिंग से चीन को लगा झटका

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में राजधानी में शनिवार को हुए जी-20 शिखर सम्मेलन को अब तक का सबसे सफल समिट माना गया है. इस दौरान जी-20 नेताओं ने कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा की और इसका हल निकालने का प्रयास किया. इसमें सबसे बड़ा निर्णय मिडिल ईस्ट यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर का लॉन्च होना है. इसके साथ अफ्रीकी यूनियन की जी-20 में एंट्री है. बैठक में शामिल सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणापत्र को अपनाया है. पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बात की जानकारी को सामने भी रखा. आइए जानने की कोशिश करते हैं इस शिखर सम्मेलन की पांच बड़ी उपलब्धियां. जी-20 सदस्य देशों के बीच सबकी सह?मति से %नई दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन (नई दिल्ली घोषणापत्र) को अपनाया गया है. इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी टीम की कड़ी मेहनत रंग लाई है. आपके सहयोग की वजह से नई दिल्ली जी-20 लीडर्स शिखर सम्मेलन घोषणा पर आम सहमति बन चुकी है. आपको बता दें कि रूस-यूक्रेन के मुद्दे के साथ इस घोषणा-पत्र को मंजूरी मिलने में समस्या आ रही थी.

जी-20 स्ह्वद्वद्वद्बह्ल के पहले दिन इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर को लॉन्च किया गया. इसका सबसे बड़ा लाभ देश को होने वाला है. इस




इन्फ्रा डील से शिपिंग समय और लागत में कमी आएगी. इससे व्यापार सस्ता होगा. इसे चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना के विकल्प के रूप में पेश किया गया है. इस कॉरिडोर का लक्ष्य संयुक्त अरब अमीरात सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल से होते हुए भारत से यूरोप तक रेलवे मार्ग और जल मार्ग को एकीकृत करना का प्रयास है. रेल लिंक होन के कारण भारत और यूरोप के बीच व्यापार में करीबन 40 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिलेगी. भारत के इस प्रस्ताव पर सभी सदस्य देशों की रजामंदी मिली है. चीन के लिए ये किसी बड़े झटके की तरह है. इस ऐलान से चीन के प्रोजेक्ट बीआरआई को जवाब मिला है. भारत के एक और प्रस्ताव पर मुहर लग गई. ये है ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस. इसका लक्ष्य टिकाऊ बायोफ्यूल का उपयोग करना है. बायोफ्यूल पेड़-पौधों, अनाज, शैवाल, भूसी और फूड वेस्ट से बनने वाला ईंधन है. इसे कई तरह के बायोमास से निकाला जाता है. इससे कार्बन उत्सर्जन कम है. इससे दुनिया की पारंपरिक ईंधन पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी. पर्यावरण में प्रदूषण कम होगा. पीएम ने विदेशी नेताओं से ग्रीन क्रेडिट पहल पर काम आरंभ करने का आग्रह किया है. अफ्रीकन यूनियन जी-20 समिट में शामिल हो गया है. वह अब स्थायी मेंबर बन चुका है. इस पर सभी देशों की सहमति बन चुकी है. इससे अफ्रीकी देशों में चीन का प्रभाव कम होगा. वहीं भारत का अफ्रीकी महाद्वीप में दखल बढ़ेगा. इससे चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला हो सकेगा. तेज विकास वाले 12 देशों से छह अफ्रीका से हैं. इससे भारत और अफ्रीका के बीच व्यापार बढ़ेगा. भारत और अमेरिका के बीच 6जी टेक्नोलॉजी को विकसित करने पर भी सहमति बनी चुकी है. इसके लिए अलायंस और एमओयू तैयार किए गए हैं. इसके लिए तकनीकी को विकसित करने के बजाय उसकी सप्लाई चेन पर फोकस होगा. अभी 5जी के चीन विश्व बाजार में सबसे आगे है.

## ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक पत्नी संग पहुंचे अक्षरधार मंदिर, भगवान स्वामी नारायण के लिए दर्शन

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक रविवार सुबह पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर पहुंचे. जहां उन्होंने परंपरिक रीति-रिवाज से भगवान स्वामी नारायण के दर्शन किए. बता दें कि दिल्ली में शनिवार रात से ही बारिश हो रही है. बारिश के बीच ब्रिटेन के पीएम सुनक मंदिर पहुंचे थे. वह जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए हैं. जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले उन्होंने कहा था कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है. इसके साथ ही उन्होंने मंदिर में दर्शन करने की बात भी कही थी. बता दें कि ये कोई पहली बार नहीं है जब ब्रिटेन पीएम सुनक किसी धार्मिक स्थल या आयोजन में पहुंचे हों, इससे कुछ दिनों पहले ही पीएम सुनक इंग्लैंड में आयोजित मोरारी बापू की कथा में पहुंचे थे. जहां उन्होंने रामायण जी की आरती भी की थी. जहां उन्होंने जय



श्री राम के जयकारे भी लगाए थे. तब ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि हिंदू धर्म उनके जीवन के हर पहलू में उनका मार्गदर्शन करता है. साथ ही उन्होंने कहा था कि हिंदू धर्म ही उन्हें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में सर्वश्रेष्ठ करने का साहस देता है. इस दौरान उन्होंने कहा था कि मैं यहां एक हिंदू के रूप में आया हूं. मेरे लिए धर्म बहुत व्यक्तिगत मामला है. प्रधानमंत्री बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है, लेकिन यह आसान काम नहीं है. तब पीएम सुनक ने कहा था कि हमें कई कठिन फैसले लेने होते हैं, कठिन विकल्प होते हैं और मेरा धर्म मुझे अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की साहस और शक्ति देता है. ब्रिटिश पीएम के अक्षरधाम मंदिर आने की वजह से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मंदिर के अंदर और इसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलाके में पहले ही अवरोधक लगा दिए गए हैं, जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है.

### मप्र में भाजपा के पूर्व विधायक ने कांग्रेस का थामा दामन



भोपाल। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का खेल जारी है। राज्य में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। नर्मदापुरम के पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा व टीकमगढ़ जिले के भाजपा नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित समारोह में नर्मदापुरम जिले से दो बार विधायक रहे शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। पिछले दिनों शर्मा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस मौके पर शर्मा ने कहा, प्रदेश पिछड़ रहा है। जो दुर्व्यवस्था का आलम है, इस पर रोक लगाना जरुरी है। मगर भाजपा ने लोकतंत्र को ही छोड़ दिया है। शर्मा के भाई सीताशरण शर्मा भाजपा में है और विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने भाजपा में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का भी आरोप लगाया। इस मौके पर उनके साथ सैकड़ों वाहनों में सवार होकर भोपाल पहुँचे कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ली। टीकमगढ़ जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भक्ति तिवारी ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। तिवारी लंबे अरसे तक भाजपा में रहे हैं। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चैहान की झूठ बोलने की मशीन दो गुनी रफ्तार से चल रही है।

## हैदराबाद में जूनियर फिल्म आर्टिस्ट की हत्या, लव ट्राएंगल से जुड़ा हैं मामला

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक जूनियर फिल्म कलाकार की एक यूट्यूबर ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर बेरहमी से हत्या कर दी। लव ट्राएंगल से मामला जुड़ा है। 13 अगस्त से लापता 18 वर्षीय कार्तिक की शहर के बाहरी इलाके में एक वन क्षेत्र में टेलेटी साई और उसके तीन साथियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने उसका सिर भी पत्थरों से कुचल दिया। जुबली हिल्स पुलिस ने कार्तिक के भाई की शिकायत पर 16 अगस्त को गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था और जांच शुरू की। हालांकि, पुलिस को सफलता दो दिन पहले तब मिली जब आरोपियों में से एक के. सुरेश ने पीड़ित का मोबाइल फोन अनजाने में ऑन कर लिया था। सुरेश ने पीड़ित का फोन अपने पास रखा था। पुलिस ने सुरेश को उठाकर पूछताछ शुरू की, जिससे वारदात का खुलासा हो गया। पुलिस ओल्ड एयरपोर्ट रोड बोवेनपल्ली पर अपराध स्थल पर पहुंची और पीड़ित के कंकाल के अवशेष पाए।

पुलिस उपायुक्त जोएल डेविस ने कहा कि कंकाल के अवशेषों को फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा गया है। सुरेश से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी 20 वर्षीय टेलेटी साई और उसके दो



अन्य साथियों 19 वर्षीय एम. रघु और 20 वर्षीय जगदीश को गिरफ्तार कर लिया। यूट्यूबर साई और तीन अन्य आरोपी आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में पता चला कि टेलेटी साई एक जूनियर आर्टिस्ट लड़की के साथ रिलेशनशिप में था। हालांकि, कुछ मतभेदों के चलते लड़की ने खुद को इससे दूर कर लिया था। हाल ही में, वह तेलंगाना के महबूबाबाद जिले के रहने वाले एक जूनियर फिल्म आर्टिस्ट कार्तिक के करीब आई और उन्हें प्यार हो गया। टेलेटी साई को उनके रिश्ते से जलन हुई और उसने कार्तिक को मारने की साजिश रची। पुलिस के मुताबिक, 13 अगस्त को टेलेटी साई ने कार्तिक को बताया कि उसके पास लड़की का कुछ सामान है और उसे वह सामान लेने के लिए कहा। बिना सोचे-समझे कार्तिक टेलेटी साई और उसके दोस्तों के साथ चला गया। वे उसे बोवेनपल्ली के एक सुनसान इलाके में ले गए। टेलेटी साई और तीन अन्य लोगों ने कार्तिक पर हमला किया। उसे एक पेड़ से बांध दिया और चाकू से हमला कर दिया। आरोपी इतने पर भी नहीं रुके, उन्होंने पत्थरों से उसका सिर कुचल दिया। जब उन्हें लगा कि कार्तिक मर चुका है,

## ससुर के साथ था अवैध संबंध! बहू ने मांगे 2 लाख, नहीं दिए तो कर दिया कत्ल

**नई दिल्ली।** कत्ल हुआ है पर लाश नहीं थी ! ये अजीबो-गरीब वाकया गुजरात के खड़ा का है, जहां एक 75 साल का बुजुर्ग शख्स बीते तीन दिनों से गुमशुदा था. जब बुजुर्ग के परिजन उसकी तलाश में पुलिस थाने जा पहुंचे, तो कहानी में एक नया मोड़ आया है. मामले की शुरुआती पड़ताल में पुलिस को कत्ल की भनक लग गई थी. मगर सवाल था कि आखिर लाश कहां हैं। लिहाजा जांच की शुरुआत खुद 75 साल के बुजुर्ग शख्स के घर से की गई, और जो वहां मिलो वो बेहद चौंकाने वाला था।

पुलिस पड़ताल में मालूम चला कि लापता बुजुर्ग का नाम जगदीश शर्मा था, जो खड़ा में ही रिहाइश था. ऐसे में पुलिस महकमा पूरी तैयारी के साथ, किसी सुराग की तलाश में बुजुर्ग के घर पहुंच गया. घर में दाखिल हुए अभी महज कुछ मिनट ही बीते थे, कि पुलिस के हाथ मामले से जुड़ा सबसे बड़ा सुराग लगा. ये सुराग था खुद बुजुर्ग की लाश अब इसके बाद मामले में हत्या का एंकल हकीकत में तबदील हो गया था. लिहाजा पुलिस ने सभी घर वालों से पूछताछ शुरू की. एक-एक कर सभी से कत्ल और कातिल से जुड़े सवालात किए गए. सबने अपनी-अपनी कहानी बताई, मगर पुलिस अभी भी असली हत्यारे से बहूद दूर थी. इसी बीच पुलिस ने नोटिस किया कि, बुजुर्ग की बहू पुलिस



के सामने बेहद अजीब बरताव कर रही है. कभी वो झूठ बोलती, कभी कहानियां बनाती, तो कभी-कभार पुलिस को देख डर जाती है. साफ था जरूर कुछ न कुछ गड़बड़ थी. लिहाजा अब बहू को लेकर पुलिस पड़ताल शुरू हुई. शुरुआत में बुजुर्ग की बहू लगातार पुलिस को उलझाने की कोशिश में लगी रही, मगर जैसे-जैसे पड़ताल गंभीर होती गई उस बहू की हिम्मत टूटती गई और आखिरकार उसने अपना गुनाह कबूल लिया. अब वक्त था, कत्ल का राज और कातिल की कहानी का. बहू ने इकरार-ए-जुर्म करते हुए कहा कि उसने ही अपने ससुर को मौत के घाट उतार दिया. दरअसल लंबे वक्त से वो और उसके ससुर अवैध संबंध में थे. इसके बदले में बहू, ससुर से कुछ पैसे लिया करती थी. बीते कुछ रोज से ये सिलसिला यूं ही चल रहा था. मगर इसी बीच बहू की जिंदगी में कोई और भी आ गया, जिससे उसे प्यार हो गया. वो उसके साथ विदेश जाना चाहती थी. इसलिए उसने ससुर से दो लाख रुपये मांगे. मगर ससुर इसके लिए राजी नहीं हुआ, उसके पैसे देने से साफ इनकार कर दिया. इससे बहू की नजरों में वो चूभने लगा, वो उससे बदला लेना चाहती थी, लिहाजा उसने हत्या की साजिश तैयार कर अपनी ही ससुर को मौत के घाट उतार दिया. फिलहाल पुलिस मामले में आगे की पड़ताल कर रही है. साथ ही आरोपी बहू को भी गिरफ्तार कर लिया गया है.

## राज लोधी चौथी रैंक

**करैरा शिवपुरी**



यू. सी. एम. ए. एस. का एग्जाम 2 सितम्बर को जलंदर (पंजाब) में आरम्भ हुआ जिसका रिजल्ट 3 सितम्बर को घोषित किया गया जिसमे राज लोधी ने पुरे देश में रैंक प्राप्त की राज लोधी बर्तमान समय में केंद्रीय विद्यालय में का छात्र हैं जिनके पिता दिनेश सिंह सिपाही त्रष्ठ के पद पर में कार्यरत हैं। राज लोधी भीकम नगर चार शहर का नका हजीरा ग्वालियर का निवासी हैं राज लोधी ने अबेक्स का प्रारम्भ अपने प्रिय बाबा (श्री महेंद्र सिंह लोधी) के मार्गदर्शन से किया। राज लोधी का ष्ट्रख़्स का एग्जाम भारत टॉप यूनिवर्सिटी लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब में हुआ था जिसने राजलोधी ने देश का गौरव बढ़ाया.

## जवानों का स्वागत

**शिवपुरी करैरा, पुष्पांजलि टुडे**



मैं आए नए जवानों का स्वागत किया और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए चंद कुछ शब्द कहे–मां ने अपने कलेजे से टुकड़ा भारत माता के लिए निकल कर जो पहुंचा है उसको सिपाही/जीडी जितेंद्र सिंह गुर्जर ने अपने गले लगाया है। फौज का अनुशासन उन्हें बताया है। मुश्किल वक्त में भी मुस्कुराना सिखाया है।आइटीबीपी कैंप से परिचय कराया है।

# शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

### कोलारस पुलिस द्वारा बडी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोंडा चूरा 154 किग्रा. कीमती करीबन 15 लाख रुपये कुल मशरुका 60 लाख रु. का जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के उपयोग एवं विक्री पर रोकथाम करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी एवं एस.डी.ओ.पी. अनुभाग कोलारस के निर्देशन में थाना कोलारस पुलिस को दिनांक 10.09.2023 को दौराने रात्रि कस्बा भ्रमण के विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक पीबी 03 बीजी 3652 गुना तरफ से ग्वालियर तरफ जा रहा है उक्त ट्रक मे अवैध मादक पदार्थ डोंडाचूरा भरा हुआ है सूचना की तस्दीक हेतु राहगीर पंचानो को साथ लेकर मुखबिर के बताये अनुसार ट्रक को एबी रोड पर यात्री प्रतीक्षालय के सामने फोरलाईन कोलारस रोड रात्रि करीव 02.00 बजे चैकिंग लगाकर उक्त ट्रक को रोड पर रोका और ड्रायवर से नाम पता



पूंछा तो उसने अपना नाम गुरूबाज सिंह पुत्र अजैब सिंह नराहन उम्र 31 साल नि0 पिण्ड दुगाल कला पतरणा जिला पटियाला पंजाब का होना बताया जिसके कब्जे से ट्रक क्रमांक पीबी 03 बीजी 3652 की तलाशी ली गई तो पशु आहार के कटटो के पीछे छुपाकर रखे मादक पदार्थ डोंडा चूरा कुल 154 किलोग्राम कीमती करीबन 15 लाख रूपये एवं ट्रक क्रमांक पीबी 03 बीजी 3652 कीमती 30 लाख रूपये को विधिवत जप्त किया गया है। मादक पदार्थ के परिवहन के संबंध में आरोपी और पूछताछ की जा रही है।

इस कार्यवाही निरीक्षक जितेन्द्र मावई, उनि अंकित उपाध्याय, प्र. आर0 119 भूपेन्द्र सिंह, प्र.आर. 43 दिलीप सिंह प्र. आर. 475 नरेश दुबे, आर. 88 पुष्पेन्द्र रावत की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा टीम में सम्मलित सदस्यों को नगद ईनाम दिये जाने की घोषणा की है।

# कांदेश्वर धाम जो की पूरे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं दार्शनिक







**स्थलतुसार मिश्रा**
**गरियाबंद संवाददाता**

आज कांदेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा कांदाडोंगर 84 गांव के सभी नायक, गोटिया,सिरहा,पुजारी एवम सरपंचो का मीटिंग रखा गया जिसमें कांदाडोंगर कांदेश्वर धाम जो की पूरे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं दार्शनिक स्थल है जिस में 12 नर्मदेश्वर ज्योतिर्लिंग स्थापना एवं सौंदर्यकरण करने हेतू चर्चा कर रूपरेखा तैयार किया गया साथ ही जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण धार्मिक कार्य को पूर्ण करने के लिए संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से- पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी,टीकम सिंह मांझी, जयमल यादव, तिरेशप्रधान, मुकेश दाऊ, अमरलाल यादव, हरलाल यादव, भुनेश्वर यादव, भुजबल नागेश, सेवन पुजारी, दामोदर सोरी, खगेश्वर नायक, मोहित यादव, मानसिंह यादव, मनधर मरकाम, घनश्याम ध्रुव, श्रीधर मरकाम, सुखदेव सोरी, दुर्योधन पटेल, सदन राम पटेल सदनराम पटेल, गोरेलाल ध्रुव, मानसिंह नागेश, धनीराम सिन्हा, कनेश्वर पुजारी, रूपसिंह नेताम, हेमलाल नागेश, प्रण सिंह पटेल सिद्धेश्वर मांझी पटेल, पुरीत राम धुर्वा, अनूप कुमार यादव, देवचंद धुर्वा, मधु सूर्यवंशी, भूभित पुजारी, नरसोतम ध्रुव, उपेंद्र गौड़,जीतकेतन नागेश महादेव यादव, दिनेश कुमार यादव पुष्पराज यादव, आशुतोष सिंह राजपूत(चिराग ठाकुर), हर्ष जैन, भाग्यराज यादव, लोकेश कुमार यादव, जितेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह यादव, चितरंजन यादव,दारुण यादव, लोवेंद्र कुमार यादव, खीरेंद्र यादव, खोयेंद्र यादव, कुले यादव, झूमर यादव, राजेश यादव,डमरू यादव,कृष्ण कुमार यादव, देवकुमार यादव, गजेंद्र यादव, रूपचंद यादव, कैलाश यादव, ट्रांरेंद्र पटेल डिगने पटेल, विजय दीवान, योगेश दीवान उपस्थित रहे।

### जन सहयोग से 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना धूमधाम से करेंगे

मांझी ने कहा- कांदाडोंगर हमारी धरोहर है और इसकी सुरक्षा और इसकी उन्नति हमारी जवाबदारी है और यहां उपस्थित स्वयंभू कांदेश्वर महादेव की भव्यता को बढ़ाने के लिए और कांदाडोंगर को विकसित करने के लिए आज यह मीटिंग रखा गया था जिसमें सभी नायक,गोटिया, सिरहा,पुजारी,सरपंच एवं गणमान्य नागरिकों और समिति की सहमति से जल्द से जल्द जन सहयोग से 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना धूमधाम से करेंगे।

आशुतोष सिंह राजपूत ने कहा- कांदेश्वर धाम कांदाडोंगर का विकाश कार्य कई बार प्रारंभ हुआ और बंद कर दिया गया छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय अजीत जोगी ने भी धाम में सीडी निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ कराया था लेकिन वह कार्य भी आधे से कम कार्य हो कर सिमट गया लेकिन अब कांदेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा संकल्प लेते हुए यहां के विकास और सौंदरीकरण हेतु युद्ध स्तर पर कार्य क्रमशः प्रारंभ कर दिया गया है हाल ही में समिति द्वारा कांदेश्वर महादेव के समक्ष विशाल त्रिशूल का पूरे विधि विधान से स्थापना भी कराया गया है और अब 12 ज्योतिर्लिंग स्थापना कर वृक्षारोपण स्वागत द्वार जैसे अनेक विकास कार्य के लिए काम किया जा रहा है साथी हमारे पूर्व संसदीय सचिव श्री गोवर्धन मांझी जी के द्वारा आसपास के सभी जनप्रतिनिधि मुखिया व्यापारी जान से सहयोग के लिए अपील भी किया जा रहा है और हमें विश्वास है कि हम जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण करेंगे।

# भूपेश की राजनीति ने जी. 20 के गौरव क्षण में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व से वंचित किया: साव

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ**
**अश्वनी अवस्थी**

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि जब विश्व की तमाम महाशक्तियां भारत की गौरवशाली संस्कृति की थाप पर झूम रही हैं तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घटिया राजनीति ने जी. 20 के गौरव क्षण में छत्तीसग? को प्रतिनिधित्व से वंचित किया है। जी 20 के आयोजन पर कांग्रेस विघ्न संतोषी की भूमिका निभा रही है। उसके राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तक इस सम्मेलन को लेकर जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, वह कांग्रेस के चरित्र के अनुकूल ही है। जी. 20 सम्मेलन में आए मेहमानों के सम्मान में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने रात्रि भोज का आयोजन किया तो इस पर भी कांग्रेस राजनीति कर रही है। यह कोई राजनीतिक सम्मेलन नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जी 20 विश्व की 70 फीसदी आबादी, 85 प्रतिशत जीडीपी और 80 प्रतिशत उत्पादन का प्रतिनिधित्व करता है। मोदी जी के प्रयासों से अफ्रीकन यूनियन को इस समूह में शामिल करने के बाद अब यह समूह विश्व की 88 फ़ीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहा है। जी. 20 सम्मेलन विश्व की तमाम महा शक्तियों का संगम है। भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। यह हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है। इस सम्मेलन में भारत का मान उत्कर्ष पर है। तब कांग्रेस संकीर्ण मानसिकता का प्रदर्शन कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि इस सम्मेलन के शुभारंभ में राष्ट्रपति के भोज में डॉ. मनमोहन सिंह व कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी निमंत्रित किया गया। कांग्रेस को दिक्कत यह है कि उसके अध्यक्ष और परिवार विशेष को न्यौता नहीं मिला। इसलिए भूपेश बघेल जैसे कांग्रेसी मुख्यमंत्री चाटुकारिता के कारण आयोजन में नहीं पहुंचे और तरह तरह की बहानेबाजी करते हुए बयान बदल रहे हैं। पहले कहा कि दिल्ली में नो फ्लाइंग जोन की वजह से हवाई जहाज उतरने की अनुमति नहीं थी, इसलिए नहीं गए। जब गृह मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया कि स्टेट प्लेन उतरने की अनुमति है तो बयान बदल दिया कि खड़गे जी और अन्य नेताओं को नहीं बुलाया। हम नहीं जाएंगे। तीसरे दिन फिर कहा कि जाना चाहते थे लेकिन परमीशन की सूचना राज्य को नहीं थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भूपेश जी राजनीति के लिए तो बहुत समय है। देश और छत्तीसगड़ के गौरव से जुड़े अवसर पर राजनीति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भूपेश जिस सम्मेलन में सौ देशों के आने की दुहाई दे रहे हैं, उसकी हैसियत और जी. 20 की क्षमता का अध्ययन उन्हें करना चाहिए।



# मिहोना पुलिस ने अवैध देशी शराब मय कार जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन पर आगामी चुनाव-2023 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया। उक्त सम्बन्ध में लहार अनुविभागीय अधिकारी रविन्द्र विलवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मिहोना निरीक्षक राजेश सातनकर को दिनांक 10/09/2023 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति अपनी कार में अवैध शराब रखकर अंतियनपुरा की तरफ विक्रय हेतु जा रहा है,उक्त सटीक सूचना पर से




अंतियनपुरा अंतराजीय चैक पोस्ट पर वाहन चैकिंग के दौरान कार न. जी जे 05 आर सी 7994 आती हुयी दिखाई दी जिसे चैक पोस्ट बल के साथ चैक किया गया तो गाडी के अन्दर 20 पेटी अवैध देशी शराब रखी हुयी मिली उक्त बलैनो कार चालक से शराब का परिवहन करने सम्बन्धी कागजात मागने पर कोई बैध कागजात प्राप्त नही हुये,आरोपी द्वारा अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था उक्त अवैध शराब को विधिवत जप्त किया जाकर थाना मिहोना में धारा 34 (2) आवकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जप्त मशरुका-अवैध देशी शराब की 20 पेटियों कुल 180 लीटर कीमती 01 लाख,एक कार क्र. जीजे 05 आरसी 7994 कीमती - 05 लाख रुपये। कुल बरामद माल - मशरुका की अनुमानित कीमत - 06 लाख रुपये। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी मिहोना निरीक्षक राजेश सातनकर, एसआई प्रमोद सिहं तोमर,एएसआई नरेश सिंह जादौन, प्रधान आरक्षक मुकेश राजावत, आरक्षक प्रदीप तोमर, जीतेन्द्र,शैलेन्द्र कुमार टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

# टीकमगढ़ मध्य प्रदेश में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

रजक समाज को क्षेत्रीय बंधन समाप्त कर संपूर्ण मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए टीकमगढ़ मध्य प्रदेश में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दिनांक 10 सितंबर से शुरू हो गया है जब तक मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया द्वारा कोई ठोस जवाब नहीं मिलता तब तक यह धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इस धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने के लिए अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर निबोरिया जी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बलवीर रजक अमाही अशोकनगर, ग्वालियर संभाग के संभाग अध्यक्ष नीरज रजक जी, अशोकनगर के जिला अध्यक्ष शोभाराम रजक जी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रामस्वरूप रजक, डॉक्टर रामचरण कदवाया प्रदेश संरक्षक, श्री संजय जी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुंगावली, श्री भैयालाल जी संभागीय संगठन मंत्री, डॉक्टर श्रीराम रजक इंदार प्रदेश संगठन मंत्री, श्री राकेश रजक शिलपटी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अशोकनगर, बालकिशन जी रजक जिला संयोजक मुंगावली, श्रीराम जी रजक ब्लॉक अध्यक्ष ईशागढ, भगवान सिंह जिला उपाध्यक्ष, गणपत जी जिला संगठन मंत्री, अरविन्द रजक जिला सचिव, सुल्तान जी सह जिला कोषाध्यक्ष, हरिचरण जी सहसाई,संतोष जी मुंगावली गोवर्धन जी मुंगावली, हरवीर जी युवा सचिन, रमेश जी पाटखेड़ा, भैयालाल जी कबीरा नगर उपाध्यक्ष, बृजेश कुरई, मुकेश मालवीय, जितेंद्र गोरा, राकेश जी उर्फ नंगा, मनोज जी तुमन प्रथिसिंह, अनिकेत मोहित आकाश, राज, अमाही परिवार सहित अन्य लोग भी धरना प्रदर्शन आंदोलन में सम्मिलित हुए और रजक समाज की महत्वपूर्ण मांग को सरकार के समक्ष रखना में अपना योगदान दिया।

## लहार में कांग्रेस ने भाजपा को दिया झटका दिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की कार्यशैली एवं कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर वर्तमान में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे और भाजपा में जिला महामंत्री रहे जितेंद्र भास्कर अपने कई साथियों के साथ अपने सभी पदों से त्यागपत्र देते हुए डॉ. गोविंद सिंह के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की इस मौके पर जितेंद्र भास्कर के द्वारा विशाल जनसभा विजय संकल्प सभा के रूप में रखी गई। इस मोके पर सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिभा डॉ गोविंद सिंह ने कहा हमें खुशी है कि हमारे दलित भाई अपने पुराने घर में वापस आ रहे हैं, दलित भाई भाजपा- बसपा छोड़कर कांग्रेस को फिर से मजबूत करने का कार्य करेंगे मायावती दलितों की आवाज उठाने की बजाय भाजपा की आवाज बन रही है, अब हमारे उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दलित समाज के भाई पुनः बसपा और भाजपा की नीतियों से परेशान होकर कांग्रेस में घर वापसी कर रहे हैं। जितेंद्र भास्कर ने इस मौके पर कहा भाजपा दलितों पर अत्याचार और उनका शोषण करने का काम कर रही है,अब हम सब को एक ही कार्य में जुट जाना है लहार से एक बार फिर से डॉ गोविंद सिंह को जिताकर विधानसभा भेजना है और कांग्रेस की सरकार बनाना है।



# रोटरी क्लब का आयोजन, पद ग्रहण समारोह के साथ किया विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित

**सीहोर।** स्थानीय रोटरी क्लब द्वारा शनिवार की रात्रि को रोटरी भवन में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद भार ग्रहण कराया गया। समारोह में नगर के वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया तथा कला साधिका श्रीमती रूपाली सोनी का सम्मान भी किया गया। समारोह का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पालीवाल हॉस्पिटल के संचालक व समाजसेवी डॉ. जयप्रकाश पालीवाल थे। अध्यक्षता इंदौर के रोटे. असिस्टेंट गवर्नर अनुराग जोशी ने की। विशेष अतिथि के रूप में सागर के रोटेरियन एकेएस मेंबर मुकेश साहू, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर थे।

अतिथि स्वागत के बाद क्लब के अध्यक्ष रोटे. भारत गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया था कि नगर के वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया का सम्मान उनकी निष्पक्ष, निर्भीक, सामाजिक सरोकार से जुड़ी मूल्य आधारित पत्रकारिता को लेकर किया जाए। साथ ही नृत्य कला के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने और श्रीमती रूपाली सोनी का सम्मान किया जाए। इन दोनों विशिष्ट जनों का सम्मान अतिथियों व क्लब के पदाधिकारियों द्वारा शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह तथा सम्मान निधि भेंट कर किया गया। तत्पश्चात रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के पदाधिकारियों को बैज व कॉलर पहनाकर पदभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी व सदस्य डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. आरएस गट्टानी, बाबू भाई मिस्त्री, जोली कुरियन, हरीश अग्रवाल, राजेश काशिव, विपुल चांडक, केपी शास्त्री, रघुनंदन निगोदिया, राजेन्द्र सिसोदिया, अजय जैन, राजेंद्र चौधरी, कमर अहमद सिद्दिकी, आरएस अग्रवाल, हिमांशु मिस्त्री, राजीव गुजराती, अमित सोनी, दीपक राठौर, अर्पित पालीवाल, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर, श्रीमती नवनीता श्रीवास्तव, सचिव श्रीमती मुक्ति मालवीय, श्रीमती ज्योत्सना शर्मा, श्रीमती बीना कुरियन, श्रीमती सीमा व्यास आदि उपस्थित थीं। समारोह का कुशल संचालन सचिव रोटेरियन श्री शैलेंद्र श्रीवास्तव ने किया। अंत में आभार हिमांशु मिस्त्री ने व्यक्त किया और सामूहिक रूप से राष्ट गान के साथ सामारोह का समापन किया गया।


विदेशी मुद्रा भंडार 4.039 अरब डॉलर से बढ़कर 598.89 अरब डॉलर पर






# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चांद पर तिरंगा पहुंचा है: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भिण्ड जिले के गोरमी में जनसभा को संबोधित कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आज प्रदेश विकास की पहचान बना है। यहां सड़कों का जाल बिछाया है। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 6 हजार रूपये मिल रहे और अब मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के भी 6 हजार रुपये मिल रहे हैं। लाखों घरों में उज्वला गैस सिलेण्डर पहुंचा है। हर घर में शौचालय उपलब्ध कराया गया है। आज एक भी गांव ऐसा नहीं बचा है, जहां बिजली पहुंचनी बाकी हो। प्रदेश के साथ-साथ भिण्ड जिले को विकास की दौड़ में आगे ले जाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश नए भारत के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत हुआ है। भारत ने दुनिया के सामने विकास, सुरक्षा व समृद्धि का नया मानक तय किया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश आज विकास और समृद्धि का नया प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत का तिरंगा विश्व के पटल पर ही नहीं चांद पर भी लहराया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की बहनों के लिए ला?ली बहना योजना शुरू कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ाया है। उन्होंने योजना की राशि को ब?ाकर अब 1250 कर दिया है।

महिलाओं की सुविधा हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न प्रकार की योजनाएं प्रारंभ की हैं। यह अपने आप में एक अनोखा उदाहरण है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। इसकी सराहना सम्पूर्ण देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में विकास और जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार की योजनाओं और मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार विकास के पथ पर निरंतर कार्य कर रही है। आमजनों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, पीएम आवास, पीएम किसान और सीएम किसान सम्मान निधि, सीएम राइज स्कूल, लाड़ली बहना योजना सहित अनेक हितग्राही मूलक योजनाएं संचालित की गई हैं। उन्होंने कहा कि भिण्ड जिले के सबसे ज्यादा लोग सेना में सिपाही हैं, भिण्ड के नौजवान जो सेना में सिर्फ सिपाही बनकर ही रह जाते थे उनके लिए भिण्ड में सैनिक स्कूल खोला जा रहा है। अब जिले के नौजवान सेना में सिपाही बनकर नहीं, बल्कि अधिकारी बनकर जाएंगे। खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने आमजन को संबोधित कर कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आम जनों के जीवन को बेहतर और खुशहाल बनाने की दिशा में ऐतिहासिक काम हुआ है। प्रदेश में विकास के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, किसानों के जीवन में खुशहाली लाने और हर जरूरतमंद को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य किया गया है।जन आर्शीवाद यात्रा में मुख्य रूप से सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया, राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, विधायक संजीव सिंह कुशवाह,पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह,भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया मौजूद रहे।



# छोटा रूणेचा धाम में श्री रामदेवरा पैदल संग जातरूओ यात्रियों के लिए चाय नाश्ता भोजन प्रसादी व दवाईयों निःशुल्क दान दाता सेवा मे लगे

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**



पाली राजस्थान । पाली के घुमटी चौराह मैन जोधपुर रोड पर छोटा रूणेचा धाम में श्री बाबा रामदेवरा की आस्था से दुर दुर सराबोर आने वाले पैदल संग यात्रा जातरूओ गुजरने वाले सेवाओं के लिए बाबा रामदेव मित्र मण्डल सेवा समिति के द्वारा एवं भामाशाहो के जन सहयोग से निःशुल्क चाय पानी नाश्ता भोजन प्रसादी का भण्डारा व रात्री विश्राम की उत्तम व्यवस्था व विभिन्न प्रकार की मेडिकल दवाइयों श्री रामदेवरा के पैदल संग जातरूयो के लिए निःशुल्क बाबा के दान दाता भक्तो कार्यकर्ताओं ने रात दिन सेवाओं में तन मन धन से लगे हैं । इस सेवा समिति कार्यक्रम मौके पर संरक्षक कानाराम प्रजापत भैराराम प्रजापत अध्यक्ष जयराम कुमावत उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा सचिव अजय धनावत कोषाध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी प्रसारमंत्री माधोदास वैष्णव भण्डारा प्रभारी नेमीचन्द लाट सदस्य कानाराम माली पारससिंह राजपुरोहित मांगीलाल हलवाई पुरण कुमार अग्रवाल भामाशाह हरिभाई पटेल चिमनाराम रूपावास मनोहर सोनी हेमाराम घनश्याम प्रजापत तिलोकचन्द जयसिंह राजेन्द्रसिंह एडवोकेट परमाराम रूपाराम माली सहित कई पदाधिकारी व भामाशाह मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज दौड़ धूप करने लगे कांग्रेस की टिकट चाहने वाले नेता

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

गंगानगर राजस्थान। रायसिंहनगर विधानसभा 2023 चुनाव को लेकर सरगर्मियां हुई तेज कांग्रेस पार्टी के टिकट चाहने वाले लगभग 20 उम्मीदवारों ने जयपुर व रायसिंहनगर के बीच दौड़ धूप शुरू कर दी जिसके चलते सोशल मीडिया पर अपने आप को उम्मीदवार घोषित करने में कोई भी कमी नहीं छोड़ते चाहे वह खेल हो या फिर किसी का जन्मदिन अपने आप को साबित करने में लगे हुए हैं वहीं रामदेवरा पैदल यात्री रामदेवरा जा रहे हैं जिसके साथ भी फोटो खिंचवाने से नहीं चूक रहे हैं अपने आप को उम्मीदवार मानने वाले परंतु कांग्रेस पार्टी ने अबकी बार बड़े ठोस निर्णय लिए हैं जिसके चलते इन लोगों की समझ में नहीं आ रहा कि आखिर टिकट किसको मिलेगी परंतु सूत्रों के हवाले से यह पता चला है की ईमानदार वह बेदाग छवि वाले नए उम्मीदवार की तलाश है कांग्रेस पार्टी को जिसमें अभी तक जो सूत्रों से पता चला है उसमें नंबर एक पर महिला कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक जो की पढ़ी-लिखी एम ए बीएड, बीपीएड, नेट , मेंन आर एस, कलियर तो वही नेशनल खिलाड़ी भी रह चुकी है और अभी







पार्टी के कई संगठनों से जुड़ी हुई है जिसमें महिला कांग्रेस से सेवा दल जिला अध्यक्ष, यूथ कांग्रेस में प्रदेश संयुक्त सचिव, शांति एवं अहिंसा विभाग के राष्ट्रीय क्षत्रिय कार्यक्रम में हिस्सा लेना और ब्लॉक संयोजक, पद पर रहते हुए लगभग 600 लोगों प्रशिक्षण दिलवाना, जवाहर बाल मंच प्रदेश कोऑर्डिनेटर पद पर कार्य कर रही हैं वही लोगों के सुख-दुख में पैदल चलकर शामिल होना वही महिलाओं में विशेष तौर पर पार्टी का प्रचार करना जिसके चलते अभी के हाल में नंबर एक पर विराजमान है तो वही इसी कड़ी में दूसरे नंबर पर पूर्व विधायक सोना देवी बावरी जो की 2013 विधानसभा चुनाव में जमींदारा पार्टी से लगभग 76 हजार वोट लेकर विजय हुई थी उसके बाद 2018 में कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर चुनाव लड़ी परंतु उन्हें हार का सामना करना पड़ा परंतु पिछले 5 सालों में जिस तरीके से कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार इन्होंने किया है वह पार्टी के लिए एक बहुत बड़ा संदेश है वही दूसरी और पूर्व विधायक सोहनलाल नायक जो की पिछले चुनाव में टिकट नहीं मिलने के कारण निर्दय प्रत्याशी के रूप में लगभग 40000 वोट लेकर गए थे और पार्टी में अभी भी उनके पेठ है परंतु लगातार दो दफा पार्टी की टिकट पर चुनाव हारना वह पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ना और पंचायत समिति चुनाव में हर का मुंह देखना इनके लिए एक बड़ी चुनौती है क्योंकि पार्टी समीकरण के अनुसार इनको टिकट मिल भी सकता है या नहीं यह पार्टी आलाकमान फेसला करेंगी परंतु अभी भी कुछ लोग दौड़ धूप कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपना प्रचार खूब कर रहे हैं परंतु किस्मत किसका साथ देगी यह आने वाला वक्त ही बताएगा

# लम्पी से सुरक्षा के लिये साड़े 26 लाख वैक्सीन लगाई

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना प्रदेश में लम्पी बीमारी का प्रकोप पिछले कई दिनों से चल रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 33 जिले इस रोग से प्रभावित हैं। जिनमें से सिर्फ 20 जिलों में अभी तक इस रोग की प्रयोगशाला से पुष्टि हुई है। संचालक पशुपालन एवं डेयरी ने बताया कि विगत 3 माह में प्रदेश के कुल 25 हजार 691 पशु इस रोग से प्रभावित हुए हैं, जिसमें से कुल 22 हजार 975 (90 प्रतिशत) पशु इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में आज दिनांक तक 2333 सक्रिय केसेस हैं, जिनका नियमित एवं निरंतर उपचार जारी है। संचालक पशुपालन एवं डेयरी ने बताया कि विभाग द्वारा आज दिनांक तक कुल 26 लाख 50 हजार पशुओं में टीकाकरण किया जा चुका है। साथ ही बीमार पशुओं का सतत उपचार किया जा रहा है, जिसके कारण विगत 25 दिनों से प्रभावित पशुओं की संख्या एवं पशुओं की मृत्यु दर में कमी आई है। साथ ही विगत एक सप्ताह से कोई भी नये जिले से बीमारी की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। लम्पी बीमारी की रोकथाम के लिये प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण एवं उपचार कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। विभाग द्वारा लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम के लिये मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जा रही है। जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार बीमारी का प्रकोप विगत 25 दिन से कम होता नजर आ रहा है एवं स्थिति नियंत्रण में है।

# भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा का जैतवारा में हुआ आगमन जैतवारा मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ सतना**

जिला अध्यक्ष ने जैतवारा मंडल अध्यक्ष संतोष गौतम को जन्मदिन की बधाई देकर बैठक की शुरुआत कीबैठक में मंडल अध्यक्ष जैतवारा संतोष गौतम जन भागीदारी अध्यक्ष अशोक बंसल केशव बंसल शिवम अग्रवाल राजकरण सिंह इंद्रपाल सिंह नगर परिषद अध्यक्ष रेनू दोहर शारदा प्रसाद तिवारी अनूप तिवारी सतुंजय सिंह राजेश अग्रवाल राजेश तिवारी शिव कुमार पांडे सरपंच संघ अध्यक्ष किटहा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मालनपुर थाना पुलिस एक्शन मूड में जिस पर दो ज्यादा अपराध उसकी भी कुंडली तैयार

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



मालनपुर/पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में एवं गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ संतोष यादव ने जानकारी देते हुए बताया है आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने और अपराधों पर अंकुश लगाने गुंडे बदमाशों पर ताबड़तोड़ कार्रवाइयां की जा रही है जिससे बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है और वह भूमिगत होने लगे हैं ह्यलेकिन पुलिस ऐसे लोगों की भी कुंडली तैयार कर रही है जिन पर थाने में दो से ज्यादा अपराध दर्ज हैं थाना प्रभारी ने बताया कि अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने ऐसे अपराधियों की भी सूची तैयार की जा रही है जिन पर दो से ज्यादा मामले दर्ज हैं उन्हें जल्द ही एच एस और निगरानी बदमाश बनाया जा रहा है चाहे वह भले ही शासकीय कर्मचारी हो या पत्रकार ही क्यों ना हो चाहे वह किसी भी पेसे में हो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी कुछ अपराधियों पर जिला बदल की भी कार्रवाई की जा रही है।

# समान थाना प्रभारी जेपी पटेल की बड़ी कार्यवाही

## ज्वेलरी कारोबारी के कर्मचारियों ने उड़ाए थे 70 लाख रुपए

**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**




रीवा। एसपी विवेक सिंह के निर्देशन में समान थाना के प्रभारी जेपी पटेल ने 70 लाख रुपए पार करने वाले ज्वेलरी व्यवसायी के नौकरों को गिरफ्तारी करने में बड़ी सफलता हासिल की है बताया जाता है कि रीवा के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्वेलरी व्यापारी के तीन नौकरों ने मिलकर बैगानार कार के साथ 70 लख रुपए लेकर चंपत हो गए थे इस घटना की शिकायत पीड़ति दिलीप सोनी उम्र 37 साल रीवा के द्वारा समान थाना पहुंचकर दर्ज कराई गई थी 70 लख रुपए के साथ वेगानार कार लेकर तीन नौकर फरार हो गए हैं घटना 27 अगस्त 2023 की बताई गई है घटना काफी बड़ी और संवेदनशील थी इस घटना के बाद थाना प्रभारी जेपी पटेल ने गंभीरता से लेते हुए इसकी जानकारी रीवा एसपी को दी इसके बाद क्राइम साइबर सेल के माध्यम से 70 लाख रुपए लेकर चंपत होने वाले तीन आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपियों से 62 लाख 200 रु जप्त कर लिया गया है सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है जिन्हें जमानत न मिलने से जेल भेजा गया।

# विकासखण्ड स्तरीय आयुष्मान स्वास्थ्य मेला 11 को मझगवां में

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ सतना**

भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न योजनाओं के शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान के अन्तर्गत सतना जिले में 6 सितम्बर से 15 सितम्बर तक विकासखण्ड स्तरीय आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में जिले मं आयोजित इन स्वास्थ्य मेलों में चिकित्सा महाविद्यालय सतना के विशेषज्ञों द्वारा आने वाले हितग्राहियों को स्वास्थ्य जांच उपचार, परामर्श प्रदान किया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 11 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां में, 13 सितम्बर को सिविल अस्पताल नागौद में, 14 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उचेहरा में और 15 सितम्बर को सिविल अस्पताल मैहर में विकासखण्ड स्तरीय मेले का आयोजन किया जायेगा। विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में हृदय रोग, कैंसर, स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत रोग, क्षय रोग, चर्म रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, डायबिटीज, कुष्ठ रोग, 0 से 18 वर्ष के बच्चों की 4 डी स्क्रीनिंग, मानसिक रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परीक्षण, पैथालाजी जांच की जाएगी तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया जावेगा। रक्तदान, नेत्रदान, देहदान, पोषण आहार, स्वच्छता, परिवार कल्याण नसबंदी ऑपरेशन एवं एड्स संबंधी जानकारी एवं परामर्श दिया जावेगा। आयुष्मान मेले में आने वाले हितग्राही जिन्हें उच्च उपचार (सर्जरी) की आवश्यकता हैं। उन्हें आयुष्मान योजनान्तर्गत चिन्हित अस्पताल में रेफर कर निःशुल्क इलाज कराया जायेगा। आयुष्मान मेले में आने वाले हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड तथा हेल्थ आईडी कार्ड भी बनाया जायेगा। इसके लिये हितग्राही अपना परिवार समग्र आईडी, आधार कार्ड, एवं आधार लिंक मोबाइल नम्बर साथ उपस्थित हो।

## संपादकीय

### धार्मिक मुद्दे को तूल देते पीएम

इसे किसी भी देश के लिये सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण कहा जा सकता है कि वहां की सरकार धार्मिक विवादों को शांत करने की बजाये उसे और भड़काये। इतना ही नहीं, ज्यादा दुखद तो यह होता है कि वह उस विवाद में बाकायदा एक पार्टी बन जाये और ऐसे विवादों का सियासी लाभ लेने की हर घड़ी जुगत बिठाये। भारत के साथ यह होता साफ दिख रहा है और वह भी अभी से नहीं बल्कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी है, इस प्रकार के मुद्दों का उपयोग वह अपनी सत्ता को बचाये रखने या फिर पाने के लिये करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस खेल में दिन-ब-दिन सिद्धहस्त होते जा रहे हैं। ऐसा करने से उन्हें राजनैतिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु ऐसा करना न देश के लिये उचित है और न ही समग्र लोकतंत्र के भले में है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति के लिये मजहबी मतभेदों को समाप्त करने की पहल करनी चाहिये, न कि उन्हें और भी तूल देने की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र व मंत्री उदयनिधि का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू व मलेरिया के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा कि जितनी जल्दी उसका उन्मूलन हो उतना ही अच्छा। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारने से बौखलाई भाजपा और स्वयं मोदी मुद्दों की तलाश में हैं। कांग्रेस की अगुवाई में बने विपक्षी गठबन्धन श्इंडियाश के लगातार मजबूत होने तथा अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी से उनकी कथित सांठ-गांठ के कारण मोदी की छवि काफी दरक चुकी है। ठीक एक साल पहले निकाली गई राहुल गांधी की बेहद सफल श्भारत जोड़ो यात्राश का सीक्वल आ ही रहा है। इस बार राहुल पश्चिम से पूरब की तरफ देश को अपने कदमों से नापने जा रहे हैं।कहा जा रहा है कि इससे रही-सही कसर भी पूरी हो जायेगी और पहले से नाजुक स्थिति में चल रही भाजपा की सांसें इसी वर्ष के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से उखड़ सकती हैं। 2024 के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिये उसे मुद्दों की सख्त्त दरकार है क्योंकि उसका साम्प्रदायिक चेहरा मणिपुर, नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई घटनाओं से पूर्णतरू बेनकाब हो गया है। जनता जान गई है कि देश इसका खामियाजा भुगत रहा है। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जान गई है कि मोदी और हिन्दुत्व के चेहरे पर अगले चुनाव की वैतरणी पार होने से रही। यह सरकार जन सरोकार के मामले में पहले ही नाकाम हो चुकी है जिसके कारण वह किसी भी मुद्दे को लेकर जनता को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही। इसलिये उसके सामने ध्रुवीकरण के अलावा कोई चारा दिखाई नहीं देता। अदानी का मुद्दा देश-विदेश दोनों जगहों पर छाया हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हाल ही में वही कहानी दुनिया के दो प्रतिष्ठित अखबारों गार्डियन एवं श्दी फाइनेंशियल टाइम्स ने आगे बढ़ा दी है। इनमें छपी रपटें बताती हैं कि अदानी ने अनेक तरह की वित्तीय अनियमितताएं कीं और मोदी सरकार उन्हें प्रश्रय देती रही, बचाती भी रही। इसके साथ ही राहुल गांधी सच साबित होते चले गये जिन्होंने अदानी-मोदी रिश्तों की बात उठाई, जिसके कारण अपनी सांसदी खोई। यह अलग बात है कि उनकी लोकसभा सदस्यता छीनने का बहाना एक टुच्चा सा अवमानना का अदालती मामला था जिसके आधार पर उन्हें अधिकतम (दो साल) सजा सुनाई गई ताकि वे सदन से रुखसत किये जा सकें। सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द की जिससे राहुल को सदस्यता व शासकीय आवास लौटाया गया। अब राहुल फिर से अनेक यूरोपीय देश जा रहे हैं जहां वे कई जगहों पर भाषण देंगे। पहले की तरह मोदी की मुश्किलें बढ़नी तय हैं। बहरहाल, विपक्षी गठबन्धन के नाम से परेशान मोदी सरकार ने देश का श्इंडियाश नाम ही हटा दिया और अब वह सरकारी दस्तावेजों से इंडिया शब्द हटाकर भारत लिख रही है। इसे राष्ट्रवाद का नया काढ़ा कहा जा सकता है जो उनके समर्थकों को अपने खेमे में बनाये रखने के लिये तैयार किया गया है क्योंकि भाजपा के चिर-परिचित फार्मूले बेकार साबित हो गये हैं। इनमें चीन को लाल आंखें दिखलाना, पाकिस्तान को घर में घुसकर मारना, 56 इंच आदि शामिल हैं। वैसे इंडिया बनाम भारत का मसला भी पार्टी में पर्याप्त ऊर्जा नहीं भर पा रहा है क्योंकि इसके पहले कि भाजपा के आईटी सेल की रचनात्मकता जोर मारती, केन्द्र के एक मंत्री ने ही कह दिया है कि इंडिया भी रहेगा और भारत भी। ऐसे में उदयनिधि का बयान भाजपा के लिये अंधे को मिलने वाली दो आंखें साबित हुआ है। बुधवार को हुई केबिनेट की बैठक में मोदी ने अपने मंत्रियों को निर्देश दिये कि इंडिया-भारत के मुद्दे पर चुप रहें लेकिन सनातन वाले मुद्दे पर कसकर जवाब दे। यह इस बात की बानगी है कि मोदी राज में सरकार व भाजपा किस प्रकार से गड्ड-मड्ड हो चुके हैं। मोदी भूल गये कि वे पार्टी बैठक या चुनावी रैली में नहीं बल्कि शासकीय बैठक में बोल रहे हैं।

# भारत बनाम इंडिया

**आदर्श**

> *वहीं विपक्ष का आरोप है कि केंद्र सरकार देश की मुख्य चुनौतियों बेरोजगारी, महंगाई, मणिपुर हिंसा और अडाणी जैसे विवादों से लोगों का ध्यान हटाने के लिये देश के नाम के विवाद को हवा दे रही है।*

देश में आयोजित हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले देश के नाम को लेकर जो अनावश्यक विवाद छिड़ा उससे कोई अच्छा संदेश नहीं जाएगा। दरअसल, जी-20 शिखर सम्मेलन के मेहमानों को दिये जाने वाले रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेजीडेंट ऑफ भारत' वर्णित किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री को इंडोनेशिया में होने वाले आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिये 'द प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' वर्णित किया गया है। जिसको लेकर विपक्ष ने तल्ख प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश का आधिकारिक नाम इंडिया की जगह भारत करने का मन बना लिया है। वहीं दूसरी ओर जी-20 प्रतिनिधियों के लिये तैयार की गई पुस्तिका 'भारत रू द मदर ऑफ डेमोक्रेसी' नामक पुस्तिका के अनुसार भी, 'भारत देश का आधिकारिक नाम है। इसका उल्लेख संविधान में है, इसके साथ ही 1946 से 1948 तक




चर्चाओं में रहा है।' दरअसल, संविधान का अनुच्छेद-एक भी कहता है रू 'इंडिया, जो कि भारत है, राज्यों का एक संघ होगा।' निस्संदेह 'इंडिया' और 'भारत' लंबे समय से सह-अस्तित्व में हैं। बिना किसी स्पष्ट विरोधाभास या असहमति के, एक-दूसरे के स्थान पर उपयोग किये जाते रहे हैं। एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में देश के विभिन्न मूल्य वर्ग के सिक्कों पर समान रूप से दोनों नाम दिखाई देते हैं। हालांकि, सरकार की ओर से इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट कथन सामने नहीं आया है लेकिन विपक्ष का आरोप है कि विपक्षी गठबंधन जिसके नाम का संक्षिप्त रूप 'इंडिया' बनाया गया है, की मुंबई बैठक के बाद केंद्र सरकार ने बौखलाहट में देश का नाम बदलने का मन बनाया है। ऐसे में भाजपा से उम्मीद की जानी चाहिए कि विभिन्न विपक्षी दलों के समूह की एकजुटता पर प्रतिक्रिया देकर कोई ऐसा कदम न उठाये जिससे देश में ऊहापोह की स्थिति पैदा हो। निस्संदेह, ऐसे वक्त में जब देश जी-20 में शामिल दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले महत्वपूर्ण देशों के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत कर रहा है, ऐसा कोई विवाद अच्छा संदेश कतई नहीं देगा। दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाले देश को नाम को लेकर ऐसे विवाद शोभा नहीं देते। भारत जो वर्ष 1950 में एक गणतंत्र बना, अपने दोहरे नाम व द्विभाषी पहचान के साथ काफी हद तक सहज रहा। जो परंपरा के साथ आधुनिकता का भी साम्य रखता है। ऐसे में जबरन नया नाम थोपना एक प्रतिगामी कदम होगा। वहीं विपक्ष का आरोप है कि केंद्र सरकार देश की मुख्य चुनौतियों बेरोजगारी, महंगाई, मणिपुर हिंसा और अडाणी जैसे विवादों से लोगों का ध्यान हटाने के लिये देश के नाम के विवाद को हवा दे रही है। दूसरी ओर केंद्र सरकार द्वारा आहूत संसद के आगामी विशेष सत्र को लेकर विपक्ष सवाल उठा रहा है कि इस बाबत विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि इस विशेष सम्मेलन का एजेंडा क्या होगा। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में विशेष सत्र के दौरान नौ मुद्दों पर चर्चा की मांग की है। जिसकी चर्चा विपक्षी गठबंधन के नेताओं के बीच भी हुई। ऐसे वक्त में जब देश में कुछ विधानसभाओं के चुनाव और आम चुनाव नजदीक हों, तो ऐसे मुद्दों के राजनीतिक निहितार्थों से इनकार नहीं किया जा सकता। इस पत्र में देश के संघीय ढांचे, प्राकृतिक आपदा, बाढ़ के प्रभाव, मणिपुर हिंसा, चीन सीमा विवाद व देश में सांप्रदायिक तनाव घटाने आदि मुद्दों पर चर्चा की मांग की गई है। निस्संदेह, विपक्ष को विश्वास में न लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विवाद स्वाभाविक है। वहीं उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री भी सोनिया गांधी द्वारा उठाये मुद्दों पर जबाव देंगे। बेहतर होगा कि किसी जूनियर व्यक्ति के बजाय प्रधानमंत्री अपना जवाब किसी वरिष्ठ मंत्री द्वारा सोनिया गांधी को भिजवाएं। केंद्र को राहुल गांधी के उस बयान पर भी ध्यान देना चाहिए कि अब चाहे इंडिया हो, भारत हो या हिंदुस्तान, ये मोहब्बत के नाम ही होने चाहिए।

# जी- 20 सम्मेलन में कूटनीति

**राहुल श्रीवास्तव**

विश्व के आर्थिक क्रम में विकासशील देशों की बढ़ती भूमिका को देखते हुए जब 1999 में दुनिया के 20 औद्योगीकृत देशों को एक समूह में आने की जरूरत पड़ी तो जी-20 संगठन का गठन हुआ जिसकी अगुवाई अमेरिका ने ही की परन्तु इसमें भारत समेत तीसरी दुनिया के कहे जाने वाले कुछ अन्य देशों को भी प्रमुखता मिली जिनमें दक्षिण अफ्रीका व ब्राजील भी महत्वपूर्ण थे। शुरू में इन देशों के वित्तमन्त्रियों के सम्मेलन की ही परंपरा प्रारम्भ हुई। वित्तमन्त्रियों के इस दूसरे सम्मेलन की अध्यक्षता भारत को मिली और तत्कालीन वाजपेयी सरकार के वित्तमन्त्री श्री यशवन्त सिन्हा इसके अध्यक्ष बने। इसके बाद 2008 में इन देशों ने महसूस किया कि जी-20 का स्तर बढ़ाया जाना चाहिए और तब से इन देशों के सत्ता प्रमुखों का शिखर सम्मेलन होना शुरू हुआ। चूंकि इस संगठन में कुल बीस देश हैअतः प्रत्येक सदस्य देश को बारी-बारी से इसकी अध्यक्षता मिलने का अवसर मिला। भारत का नम्बर अब चालू वर्ष 23 में आया है अतः अब 20 वर्ष बाद 2043 में ही इसे पुनः अध्यक्षता मिलेगी। निश्चित रूप से इस संगठन का सदस्य होना भारत के लिए गौरव की बात थी क्योंकि जब 1947 में यह देश अंग्रेजों की दासता




से मुक्त हुआ था तो इसमें 'सुई' तक का उत्पादन नहीं होता था मगर केवल 52 वर्षों के भीतर ही यह देश हमारे दूरदृष्टा व वैज्ञानिक सोच रखने वाले रहनुमाओं की वजह से औद्योगीकृत देश बन गया और अमेरिका जैसे दुनिया की पहले नम्बर वाले देश की बराबरी में खड़ा होने लायक बन गया। अतः सबसे पहले हमें अपनी पुरानी पीढियों के उन नेताओं के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए जो 'हमे अंधेरे से प्रकाश की ओर लेकर गये' और उन्होंने हमारी नई पीढियों को विज्ञान की मार्फत गरीबी दूर करने के काम में लगाया। भारत आज गौरवान्वित है कि वह जी-20 की मेजबानी कर रहा है। दुनिया के 20 अग्रणी देश इसकी अध्यक्षता में सकल विश्व के विकास के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। इसमें भाग लेने के लिए आज (शुक्रवार) को अमेरिका के राष्ट्रपति श्री जो बाइडेन भी आ रहे हैं। वह 9 व 10 सितम्बर को हो रहे शिखर सम्मेलन से पूर्व प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत करेंगे। जाहिर है कि यह बातचीत दोनों देशों के आपसी रिश्तों व इस क्षेत्र की उन समस्याओं के बारे में होगी जिनका वास्ता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अमेरिका से भी है। इनमें हिन्द-प्रशान्त महासागर क्षेत्र की शान्ति व सुरक्षा अहम मसला माना जाता है। परन्तु सदस्य होने के बावजूद सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति श्री पुतिन व चीन के प्रमुख श्री शी-जिन-पिंग नहीं आ रहे हैं। इससे कुछ पेंच जरूर पड़ता दिखाई दे रहा है मगर इतना भी उलझा हुआ नहीं है कि भारत इसका तोड़ ही न ढूंढ सके। बेशक चीन भारत का ऐसा निकटतम पड़ोसी है जिसकी सीमाएं छह तरफ से मिलती हैं और रूस भारत का परखा हुआ सच्चा व पक्का मित्र है। बेहतर होता यदि दोनों नेता भी शिखर सम्मेलन में भाग लेते तो विश्व की मौजूदा समस्याओं का हल ढूंढने में मदद मिलती और विभिन्न स्तर पर तनाव दूर भी होता। मगर श्री पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे हुए हैं और अमेरिका व पश्चिमी यूरोपीय देश यूक्रेन की सामरिक से लेकर हर तरह से मदद कर रहे हैं और उन्होंने उसे अपने सामरिक संगठन 'नाटो' का सदस्य बनाने का झांसा दे रखा है। अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति में इसे इस प्रकार भी देखा जा रहा है कि अमेरिका व यूरोपीय देश यूक्रेन की मार्फत रूस की शक्ति को सीमित करना चाहते हैं। मगर चीन रूस की सीधी मदद कर रहा है और चीन के साथ अमेरिका के वाणिज्यिक व व्यापारिक मसले जग जाहिर हैं । अतः भारत पर यह जिम्मेदारी आ पड़ी है कि वह जी-20 की नई दिल्ली बैठक को इन देशों के बीच का कूटनीतिक अखाड़ा न बनने दे और अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए दुनिया को सन्देश दे कि भारत की धरती प्रेम व भाईचारा बढ़ाने वाली धरती मानी जाती है। इस मामले में पूरी दुनिया की नजर 10 सितम्बर को जारी होने वाले जी-20 देशों द्वारा जारी होने वाले संयुक्त वक्तव्य पर निश्चित रूप से रहेगा। भारत को बेशक इस बात से ज्यादा मतलब नहीं हो सकता कि अमेरिका चीन के बारे में क्या कहता है बल्कि उसे इस बात से लेना-देना है कि चीन का रुख भारत को लेकर क्या है क्योंकि हमारे चीन व अमेरिका दोनों के बारे में ही खट्टे-मीठे अनुभव हैं। यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत के हुए चार युद्धों में अमेरिका का वजन पाकिस्तान की तरफ ही रहा था और चीन तो आज भी भारत की कुछ धरती लद्दाख में हड़पे बैठा है और अरुणाचल प्रदेश को अपना इलाका बता रहा है। अतः प्रधानमन्त्री मोदी यदि यह तुरुप का पत्ता चल देते हैं कि आगामी गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी को वह 'क्वाड' देशों के राष्ट्राध्यक्षों को राजकीय मेहमान के रूप में नई दिल्ली में आमन्त्रित करेंगे तो इससे चीन की वे कलाबाजियां और सीनाजोरियां बन्द होंगी जो वह अख्सर करता रहता है। क्वाड में भारत, आस्ट्रेलिया, जापान व अमेरिका शामिल हैं। भारत लगातार यह मांग करता रहा है कि हिन्द महासागर क्षेत्र शान्ति क्षेत्र घोषित होना चाहिए मगर चीन लगातार इसमें अपने जंगी जहाज उतार कर दादागिरी दिखाता रहा है और जवाब में अमेरिका भी अपने बेड़े तैनात करता रहा है जिससे दुनिया के कारोबर का यह प्रमुख जलमार्ग खतरों से भरता जा रहा है। भारत की भूमिका इस सन्दर्भ में बहुत महत्वपूर्ण हो गई है मगर हमें अमेरिका की भी चिकनी-चुपड़ी बातों में नहीं आना है और रूस के साथ अपने रिश्ते निभाने हैं साथ ही चीन का मिजाज ठंडा करना है।




मेष :- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। घर में खुशहाली रहेगी।

बृषभ :- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। बीते हुए दिनों को याद कर भाव-विभोर हो सकते हैं। ब्यग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगी।

मिथुन:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें।

कर्क :- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। भविष्य के प्रति मन में चिन्ताएं उत्पन्न होंगी। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

सिंह :- किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा। शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता उत्पन्न होगी।

कन्या :- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आन्तरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

तुला :- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकता है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर होंगे।

वृश्चिक :- हर घटना से आपको सीख लेने की जरुरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्वबुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशा जनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

धनु :- कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह अभाव रहेगा। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

मकर :- किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करें। छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

# अनुच्छेद 370ः नजरें सुप्रीम कोर्ट पर

**आदित्य नारायण**

> *याचिकाकर्ताओं की मांग है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल किया जाए और उसका पूर्ण राज्य का दर्जा भी लौटाया जाए।*

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिन तक चली बहस के बाद सुनवाई पूरी कर ली है। याचिकाकर्ताओं की मांग है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल किया जाए और उसका पूर्ण राज्य का दर्जा भी लौटाया जाए। चीफ जस्टिस के नेतृत्व में पांच सदस्यीय पीठ यह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वह केवल संवैधानिक मुद्दों पर ही सीमित रहेगी। शीर्ष अदालत केवल यह देखेगी कि कोई संवैधानिक उल्लंघन हुआ है या नहीं। यदि कोई संवैधानिक उल्लंघन हुआ है तो अदालत निश्चित रूप से हस्तक्षेप करेगी। अदालत 370 निरस्त करने के फैसले के अन्तर्निहित विवेक की जांच करेगी। सुप्रीम कोर्ट को जिन मुद्दों पर फैसला देना है उनमें से एक यह है कि क्या केन्द्र सरकार को अनुच्छेद 370 हटाने का अधिकार है या नहीं। दूसरा केन्द्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को दो राज्यों में बांटना और उन्हें केन्द्र शासित प्रदेश बनाना क्या सही है या गलत। और किसी राज्य को लम्बे समय तक राज्यपाल शासन के अधीन रखना सही है या गलत। सुनवाई के दौरान यह महत्वपूर्ण रहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय को अंतिम माना। इससे स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और उसका विलय भारत में बिना शर्त हुआ है।अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट पर लगी हुई हैं और उसके फैसले से यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि धारा 370 को घनिरस्त करना राष्ट्रीय हित में था या नहीं। सर्वविदित है कि अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता नैशनल कांफ्रैंस के नेता मोहम्मद अकबर



लोन द्वारा 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाने का मुद्दा भी उठा। केन्द्र सरकार ने मांग की कि अकबर लोन माफी मांगें और भारतीय संविधान मेंघ निष्ठा संबंधी शपथपत्र दायर करे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अकबर लोन को शपथपत्र देने को कहा। कश्मीरी पंडितों के संगठन रूट्स इन कश्मीर ने याचिका दायर कर दावा किया था कि अकबर लोन घोषित तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। यद्यपि अकबर लोन ने हल्फनामा दे दिया है, इस पर महाघ्अधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि नैशलन कांफ्रैंस के सांसद अकबर लोन द्वारा दायर किया गया हल्फनामा एक तमाशा है। यह हल्फनामा जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जिससे देश की छवि को नुक्सान पहुंचा है। उन्होंनेअदालत से यह भी कहा है कि वह यह भी देखें कि अकबर लोन ने इस हल्फनामे में क्या नहीं लिखा है। लोन ने हल्फनामे में लिखा है कि "मैं भारत का एक जिम्मेदार नागरिक हूं। सांसद के रूप में ली गई शपथ को दोहराता हूं। मैंने भारत के संविधान को बनाए रखने और भारत की अखंडता बनाए रखने की शपथ ली है। सुप्रीम कोर्ट उनके हल्फनामे की समीक्षा कर फैसला करेगी। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और वहां कभी भी चुनाव कराए जा सकते हैं। चुनावों की तिथियों का फैसला निर्वाघ्चन आयोग को करना है। हालांकि केन्द्र ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संबंध में कोई समय सीमा नहीं बताई। इसमें कोई संदेह नहीं कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाओं में काफी कमी आई है और पत्थरबाज अब कहीं दिखाई नहीं देते। जम्मू-कश्मीर में शांति बहाली होने के साथ ही देशभर के पर्यटक जम्मू-कश्मीर की ओर आकर्षित हुए हैं और कई वर्षों से बंद घसिनेमाघर भी खुलने लगे हैं। श्रीनगर के लालचौक पर पहले की तरह धार्मिक उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं और जगह-जगह तिरंगे फहर रहे हैं और कश्मीरी आवाम देश की मुख्यधारा से जुड़ने लगी है। जब हालात पूरी तरह से सामान्य हो जाएंगे तो फिर उसे राज्य का दर्जा भी दिया जाएगा। यह सभी नीतिगत मुद्दे हैं।

# हनुमना पुलिस ने की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

## 24 पेटियो में 1180 पाव देसी शराब एवं जाइलो कार जप्त, एक आरोपी गिरफ्तार

मऊगंज। पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेंद्र कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज विवेक कुमार लाल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस इंद्राज सिंह के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी हनुमना राम सिंह के नेतृत्व में थाना हनुमना पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेत को मय जाइलो कार के एक आरोपी के साथ दबोच लिया तथा अवैध शराब की बड़ी खेत को मय वाहन के जप्त किया गया।



**घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 10 सितंबर 23 को थाना हनुमना पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की सिल्वर रंग की जाइलो कार क्रमांक एमपी 19 टी 2621 से अवैध शराब की बड़ी खेत मऊगंज तरफ से हनुमना तरफ आने वाली है यदि तत्काल कार्रवाई की जाती है तो अवैध शराब की खेप को पकड़ा जा सकता है। सूचना पर हमराही स्टाफ एवं राहगीर साक्षियो तथा थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम की मदद से बिझौली ब्रिज पर घेराबंदी की गई तो पुलिस को देखकर जाइलो कार क्रमांक एमपी 19टी 2621 का चालक कार को हनुमना तरफ लेकर भाग जिसका पीछा कर जाइलो कार को हनुमना बडकुडा बॉर्डर चेक पोस्ट के पास पकड़ा गया तथा कार चालक से उसका नाम पता पूछा तो अपना नाम अजय रावत पिता हकीम कोल उम्र 27 वर्ष निवासी सरकारी कॉलोनी थाना चुरहट जिला सीधी का होना बताया तथा जाइलो कार की तलाशी ली गई तो कार के अंदर से कुल 24 कार्टूनों में 1180 पाव देसी मदिरा प्लेन कुल 212 लीटर 400 एमएल कीमत 76700 के अवैध रूप से परिवहन करता पाया गया, जो आरोपी के कब्जे से उपरोक्त अवैध शराब को जप्त किया जाकर गिरफ्तार किया गया।

**अपराध क्रमांक- 408/23 धारा 34( 2)**
**मध्य प्रदेश आबकारी एक्ट**
**जप्त संपत्ति**

1-1180 पाव देसी मदिरा प्लेन कीमत 76700
2- एक सिल्वर रंग की जाइलो कार क्रमांक एमपी 19 टी 2621 कीमत. 500000

गिरफ्तार आरोपी- अजय रावत पिता हकीम कोल उम्र 27 वर्ष निवासी सरकारी कालोनी थाना चुरहट सीधी

महत्वपूर्ण भूमिका- निरीक्षक राम सिंह, उप निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर (थाना शाहपुर), स.उ.नि. इंद्रेश पांडे, शिव दुबे, दिवाकर सिंह, रत्नाकर सिंह, आर संतोष रावत( थाना शाहपुर) की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सिलपरा में एक करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## ग्रामीण अंचल में विकास के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं - जनसंपर्क मंत्री

**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा।प्रदेश के जनसम्पर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण अंचल में भी

### विकास के मार्ग पर आगे बड़ते हुए रीवा जिला समृद्धशाली जिले के तौर पर स्थापित होगा - श्री राजेन्द्र शुक्ल

विकास के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बड़ते हुए रीवा जिला समृद्धशाली जिले के तौर पर स्थापित होगा और कम समय में अधिक से अधिक विकास के कार्यों को कराकर रीवा अपनी पहचान बनाएगा। श्री शुक्ल ने सिलपरा में 42 लाख रुपए की विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं 66.50 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया। विद्यालय परिसर सिलपरा में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिलपरा सहित आसपास के गांवों सिलपरी, जोरी आदि समृद्धशाली हुए हैं। बाणसागर की नहरों से सिंचाई की सुविधा मिलने व सड़कों के बन जाने से यह क्षेत्र



उन्नतशील हुआ है। यहाँ की जमीनों की



कीमतें बड़ रही हैं। रीवा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के कार्य हो रहे हैं जिससे अब यहाँ के लोग रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जा रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में शीघ्र ही हवाई अड्डा बनकर तैयार हो जाएगा जिसमें कम किराये पर हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी इसमें सफर कर पाएगा। रीवा में हो रही तरक्की से विकास के पंख लगेंगे और हम उड़ान भरेंगे। श्री शुक्ल ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि सभी काम उनकी इच्छानुसार होंगे। अब तो आपका विधायक ही पीएचई मंत्री बन गया है। पेयजल से संबंधित जो भी कार्य जरूरी हों वह सब अधिकार के साथ करा सकते हैं। उन्होंने विकास के सहभागी होने का आह्वान किया।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने नवीन पंचायत भवन, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, नाली निर्माण, स्कूल में पेवर ब्लाक लगाने तथा चबूतरा निर्माण के 42 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान सामुदायिक पार्क निर्माण, पंचायत भवन में बाउन्ड्रीवाल एवं पेवर ब्लाक निर्माण, नाली निर्माण तथा नदी में घाट का जीर्णोद्धार व हायर सेकण्डरी स्कूल परिसर में सौन्दर्यीकरण के 66.50 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन मंत्री श्री शुक्ल ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, सरपंच विभा सिंह, उमा प्रताप सिंह, रणबीर सिंह, वेंकट बहादुर सिंह, भैयालाल यादव, सुदामा कोल सहित बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से लाड़ली बहना योजना की राशि की जारी

## रीवा जिले की 415986 लाड़ली बहनों के खाते में आई एक हजार रुपए की राशि

**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** लाड़ली बहना योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के टाउन हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद श्री मिश्र तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। समारोह में ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर से वर्चुअल माध्यम से रीवा जिले की लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित 415986 बहनों के खाते में एक हजार रुपए की राशि अंतरित की। इस अवसर पर सांसद श्री मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने बहनों को सशक्त बनाने का जो संकल्प लिया है वही लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना के रूप में प्रदेश में लागू हुआ है। इन योजनाओं ने बहनों का जीवन बदल दिया है। आज रीवा जिले की 415986 लाड़ली बहनों के खाते में एक हजार रुपए की राशि पहुंची है। अब तक रीवा जिले में लाड़ली बहना योजना से





बहनों के खाते में 35 करोड़ से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। सभी बहनें इस राशि का सदुपयोग करें। बच्चों की पड़ाई, दवाई और अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में इस राशि का उपयोग करें। सांसद श्री मिश्र ने बहनों को सचेत करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना की राशि का गुटका, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के लिए दुरूपयोग न होने दें। बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी तो उनका भविष्य और देश का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज महिलाओं का गौरव दिवस है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी अपनी बहनों के खाते में एक हजार रुपए की राशि अंतरित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी सदैव महिलाओं के कल्याण के लिए प्रयासरत रहते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर हजारों बहनों का जीवन संवर गया है। समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, उपायुक्त नगर निगम रूपाली द्विवेदी, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं

# रिलायंस फाउन्डेशन ने महिलाओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजित



**रीवा।** आज ग्राम पंचायत बम्होरी में रिलायंस फाउन्डेशन ने महिलाओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम में इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार मानवेंद्र ने भाग लिया कार्यकम में महिलाओं ने अपने फसल के विषय में जानकारी दी उन्होने पूछा की जिले में कम बारिश होने से फसल प्रभावित हो रही है ऐसे में क्या किया जाय। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया की अभी फसल स्ट्रेस में है ऐसे में इन्हे पानी के साथ पोषक तत्वों की भी आवसक्ता पड़ती है। ऐसे में किसानों को यह बताया गया की तरल युरिया और डीएपी ऐसे में पौधे के पत्ते पर स्ट्रेस फ्री करने के लिए दीया जा सकता है। आप अपने पास के डीलर से ये तरल लेकर अपने खेतो में छिड़काव करें। एक्सपर्ट की बात मानते हुए किसानों ने रुचि दिखाई किसके बाद किसानों को खेत में जाकर स्प्रे करवाया गया। स्प्रे करने के बाद किसानों को इसके प्राकृतिक असर के बारे में बताएं गया। उन्हें बताया गया है की किसान को अब ऐसे खादो का प्रयोग करना चहिए जो जमीन को बिना नुकसान पहचाए फसल को लाभ दे। ऐसे में ये तरल नैनो यूरिया और डीएपी किसानों के लिए कृषि मित्र जैसे ही है। कार्यक्रम में आय किसानों को निशुल्क हेल्पलाइन सेवा 18004198800 के विषय में बताया गया। यह सेवा जिले के किसानों के लिए सुबह 9.30 से लेकर रात में 7.30 तक चलती है जिसमें कृषि पशुपालन और सरकारी योजनाओं की जानकारी किसान ले सकता है।

## 11 साल में कंडम हुई नगर परिषद की 30 दुकानें, 40 जर्जर अवस्था में पहुंची

कैलारस। घटिया निर्माण के चलते नगर परिषद की 70 दुकानों में 30 दुकानें कंडम हालत में हैं। इसके अलावा 40 दुकानें जर्जर होकर धराशायी होने की कगार पर हैं। इतना हीं नही कुछ लोगों ने परिषद की दुकानों पर न केवल अवैध कब्जा कर रखा है, बल्कि वे किराया भी वसूल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस बात की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को है, बावजूद इसके वे कार्रवाई करने कतरा रहे हैं।



**बारिश में हो सकती हैं धराशायी**-नगर परिषद द्वारा वर्ष 2009 में एमडीएस के पास टॉवर वाली गली में 30 तथा 2010 में पुरानी सब्जी मंडी स्थित बस स्टैंड के पीछे 40 दुकानों का निर्माण कराया गया था, लेकिन ठेकेदार ने घटिया सामग्री का उपयोग करने के चलते दुकानों के निर्माण के साथ ही पलास्टर उखडने लगा तथा दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गए। गत 12 साल में ही दुकान में लगा अधिकांश मटेरियल गिर गया है। वर्तमान में दुकानों के आगे बने छज्जे भी गिरने लगे है। जिससे आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल है।

नीलामी नहीं होने से हो रही राजस्व की क्षति- टॉवर वाली गली एवं बस स्टैंड के पीछे बनी हुई दुकानों में कई दुकानें अभी भी खाली पड़ी हुई हैं। नीलामी नहीं होने से नगर परिषद को राजस्व क्षति हो रही है,

# रीवा में दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक सवार पति, पत्नी और बच्ची की मौत

**रीवा।** विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत इटौरा बाईपास फिर खून से लाल हो गया। रविवार की दोपहर करीब 1ः00 बजे भीषण हादसा हुआ बाइक में सवार होकर पति-पत्नी और बच्ची कहीं जा रहे थे कि सामने से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक के परखच्चे उड़ गए। कार को भी भारी नुकसान हुआ है। कार सामने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों वाहनों को देखकर ही दुर्घटना का अंदाजा लगाया जा सकता है की हादसा कितना भयावह रहा होगा। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में बाइक सवार पति-पत्नी और



बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वही कार में सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। घटनास्थल के आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर तुरंत 108 एंबुलेंस की दो गाड़ियां पहुंची। दोनों ही गाड़ियों से घायलों को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बाइक सवार पति-पत्नी और बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वही कार में सवार घायलों का इलाज जारी है।

## थाना देहात पुलिस ने अवैध शराब की खेप पकड़ी

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक व नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके मार्गदर्शन में अवैध शराब,अवैध हथियार व गुण्डा बदमाशों व स्थायी वारंटियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। थाना देहात पुलिस द्वारा वर्ष में अभी तक 95 आबकारी एक्ट की कार्यवाही की जाकर कुल 1250 लीटर देशी / अंग्रेजी शराब कीमती 09 लाख रूपये की जप्त की गयी है, तथा शराब तस्करों के बीच लगातार कार्यवाही जारी है।थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह के नेतृत्व में दिनांक 10/09/23 को रेलसे क्रासिंग फाटक अटेर रोड भिण्ड के पास से एक शराब तस्कर को 10 पेटी देशी शराब सहित दबोच लिया गया है, आरोपी शराब को बोरियों में भरकर खपाने की फिराक में था जिसे पुलिस ने पहले ही दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से पकड़ीं गयी 10 पेटी देशी शराब मात्रा 90 लीटर शराब कीमती 25000 रूपये को जप्त की जाकर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपी से उक्त शराब शराब की तस्करी के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह, उपनिरीक्षक अरविन्द्र सिकरवार, लक्ष्मण किशोर गुबरेले, प्रधान आरक्षक हरवीर सिंह, राजेश गर्ग,आरक्षक बृजनन्दन सिंह,रवि यादव, देवेन्द्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# मिशन इन्द्रधनुष का द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर को ''

रीवा। मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान का द्वितीय चरण 11-16 सितम्बर 2023 तक सम्पूर्ण जिले में आयोजित किया जावेगा। डॉ0 बी0 एल0 मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा ने जानकारी देते हुये बताया कि 11-16 सितम्बर 2023 के समस्त टीकाकरण सत्रों को यू.बिन पोर्टल में आईएमआई के रूप में चिन्हित कर इनका प्रकाशन किया जावे। सत्र दिवस के पूर्व, सत्र दिवस के दिन समस्त आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर का भ्रमण कर गर्भवती माताओं तथा 0-5 वर्ष तक के बच्चों का चिन्हांकन करके सत्र स्थल पर टीकाकरण कराने हेतु लाये। इस हेतु आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं स्थानीय ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त करें। टीकाकरण के समस्त सत्रों का आयोजन वर्षा के मौसम को देखते हुए आसानी से पहुचने वाले स्थल में किया जावे। टीकाकरण के समस्त सत्रों का संचालन प्रोटोकाल के अनुरूप किया जावें तथा एनाफाइलेकटिक किट एवं एड्रिनलिन का डोज चार्ट अनिवार्य रूप से सत्रों पर उपलब्ध रहें। एव्हीडी के माध्यम से समस्त कोल्ड चैन हेण्डलर समस्त सत्रों पर सतत प्रकार की वैक्सीन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करावेगें। सभी टीकाकरण सत्रों का लिंकेज अनिवार्य रूप से ए.ई.एफ.आई. सेन्टर से किया जावें तथा सेन्टर के चिकित्सक एवं एमरजेंसी स्टाफ का फोन नम्बर ए.एन.एम. को उपलब्ध कराया जावें। समस्त आर.बी.एस.के. टीम सत्र दिवस के दिन मोबाइल ए.ई.एफ.आई. सेन्टर के रूप में आवश्यक दवाओं के साथ कार्य करेगी। समस्त टीकाकरण सत्रों की मानिटरिंग ब्लाक के केडर बीएमओ, एमओ, आरबीएसके एमओ, बीईई, बीपीएम, बीसीएम एवं सुपरवाइजर द्वारा एस एस एप के माध्यम से की जावेगी। समस्त डिलेवरी प्वाइंट पर जन्म लेने वाले बच्चों की जानकारी, जन्म लेने के 24 घन्टे के अन्दर जन्म का टीकाकरण हेपेटाइटिस बी, बीसीजी, ओपीव्ही, कर के



यूबिन पोर्टल में इन्द्राज करने की जिम्मेदारी डिलेवरी प्वाइंज मेनेजर की होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मिशन इन्द्रधनुश के ब्यापक प्रचार-प्रसार एवं मीडिया सुद्धणीकरण करने हेतु कचरा गाड़ी के माध्यम से आडियो प्रचार नगर निगम कार्यालय में स्थित डिजिटल आईईसी बोर्ड के माध्यम से प्रचार किया जाय। साथ ही नगर निगम, नगर पंचायत व ग्राम के पंचायतों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिशन इन्द्रधनुष के दौरान शत प्रतिशत सहयोग प्राप्त करें। जिले स्तर से बनाये गये ब्लाक ओ.आई.सी. अभियान के दिनों में अनिवार्य रूप से अपने अपने आवंटित ब्लाक का भ्रमण कर टीकाकरण अभियान की मानीटरिंग एसएस एप के माध्यम से करेगें। मिशन इन्द्रधनुष 5.0 की अवधि के पश्चात आयोजित किये जाने वाले समस्त नियमित टीकाकरण सत्रों का आयोजन भी यू बिन पोर्टल के माध्यम से किया जावेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ0 बी0 के0 अग्निहोत्री द्वारा बताया गया कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान कार्यक्रम के द्वितीय चरण की शुरूआत 11 सितम्बर से होने जा रहा है। मऊगंज जिला के हनुमना विकासखण्ड अंतर्गत दिनांक 13 सितम्बर को आयोजित विशाल आयुष्मान स्वास्थ्य मेला होने के कारण 13 को मिशन इन्द्रधनुष आयोजित सत्र 17 सितम्बर को होगा। डॉ0 बी0 एल0 मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा ने समस्त आमजन से अपील की है कि टीकाकरण से छूटे हुये समस्त 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के सम्पूर्ण टीकाकरण करवाने के लिये पूरे जिले में 400 सौ से अधिक सत्र आयोजित किये जायेगें। सभी एएनएम द्वारा सात दिनों में निर्धारित सत्रों में समस्त हितग्राहियों का टीकाकरण किया जायेगा। द्वितीय चरण की समाप्ति 16 सितम्बर को होगी। शतप्रतिशत टीकाकरण अवश्य करावें। ताकि 11 तरह की बीमारियों (टी.बी., हेपेटाइटिस बी, डिप्थीरिया, कुकुर खॉसी, टिटनस, पोलियो, निमोनिया, खसरा, रूबेला, नेत्र में होने वाली बीमारियॉ, हीमोफैलुयर इंफुन्जा बी, जापानीज इन्सिफलाइटिस) आदि बीमारियों से बच्चों में होने वाले जोखिम से बचाया जा सके।

**(डॉ0 बी0 एल0 मिश्रा)**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला रीवा म0प्र0**

## उम्मीद और विश्वास का नया नाम भारत: ईरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री स्मृति ईरानी ने जी 20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की सीट के आगे पट्टी पर लिखे भारत की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि यह उम्मीद और विश्वास का नया नाम भारत है। श्रीमती ईरानी ने एक्स पर लिखा, 'उम्मीद और विश्वास का नया नाम - भारत।' ग़ौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से आज जी 20 शिखर सम्मेलन का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री की सीट के आगे जो पट्टी रखी है उस पर भारत लिखा है। इससे पहले इस तरह की बैठकों में इंडिया लिखा होता था। श्री मोदी ने जी-20 देशों के 18वें दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दुनिया को एक साथ और सही दशा में ले जाने के लिए सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास की सोच महत्वपूर्ण है।



## BJP-JDS में अभी नहीं बनी बात! पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने गठबंधन को लेकर दिया अहम बयान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के गठबंधन को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। बीते दिन येदियुरप्पा ने जेडीएस और भाजपा गठबंधन की बात कही थी, जिसे आज कुमारस्वामी एक तरह से खंडन करते दिख रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने शनिवार को कहा कि अभी गठबंधन नहीं हुआ है और इसके लिए अभी और समय लगेगा। एक विशेष पूजा में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि वो फिलहाल आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन के बारे में कुछ नहीं कह सकते। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जद (एस) के साथ गठबंधन से राज्य में भाजपा मजबूत होगी।



## जी-20 समिट के मेहमान आए आगरा, ताजमहल की दीवानगी ऐसी कि 5 घंटे पहले पहुंचे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बेटे-बहू

**आगरा।** दिल्ली में हो रहे जी-20 समिट में भाग लेने आए अतिथियों का ताजमहल देखने आगरा आना शुरू हो गया है। शनिवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के बेटे-बहू ने स्मारक का दीदार किया। वह अपने निर्धारित समय से पांच घंटे पहले ही आगरा पहुंच गए। सड़क मार्ग से पहुंचे ताजमहल देखने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बेटे कासेंग पंगारेप और उनकी पत्नी एरिना गुदोनो का शनिवार दोपहर 1:30 बजे ताजमहल देखने आने का कार्यक्रम था। वह दिल्ली से सड़क मार्ग से सुबह 8:30 बजे ही आगरा आ गए। शिल्पग्राम में उनका स्वागत किया गया।यहां से वह प्रतिनिधिमंडल के साथ ताजमहल पहुंचे। स्मारक में वह करीब डेढ़ घन्टे तक रुके। ताजमहल की खूबसूरती से वह प्रभावित नजर आए। उन्होंने ताजमहल बनवाने वाले शाहजहां और मुमताज, स्मारक की वास्तुकला व पच्चीकारी के बारे में जानने में काफी रुचि दिखाई। ताजमहल देखने के बाद वह वापस दिल्ली लौट गए। केसांग इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की तीसरी सन्तान हैं।



## बिहार में दुर्गापूजा से पहले होगा कुछ खास, तेजस्वी ने कहा-सभी अस्पतालों में पहुंच जाएगी जीविका दीदी की रसोई

**पटना।** बिहार में दुर्गापूजा से पहले सभी सदर अस्पतालों में जीविका दीदी की रसोई चालू कर दी जाएगी। इससे अस्पतालों में खाने-पीने की चीजों के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस बात की जानकारी बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक वीडियो के माध्यम से दी है। वीडियो को राष्ट्रीय जनता दल ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट किया है।उप मुख्यमंत्री वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं कि दुर्गापूजा से पहले सभी सदर अस्पतालों को इससे (जीविका दीदी की रसोई) कवर कर लिया जाएगा। इससे हमें काफी राहत पहुंची है। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अस्पतालों में अब खाने-पीने की समस्या नहीं है।

# करैरा को जिला बनाने को लेकर आज करैरा जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक

पुष्पांजलि टुडे
ब्यूरो चीफ राजेश नरवरिया

**शिवपुरी करैरा ।**आज करैरा में स्थानीय रामराजा वाटिका में वार्ड नम्बर 3 की पार्षद शालिनी सोनी के आवाहन पर शहर के गनमान्य नागरिक , जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकार साथियो ने मिलकर करैरा को जिला बनाने की एक बैठक की । जिसमे करैरा को जिला बनाने को लेकर मुख्य विन्दुओ पर चर्चा की गई । बैठक में सबसे बड़ा निर्णय यह हुआ कि अगर पिछोर जिला बनेगा तो मगरौनी , नरवर,सुनारी,सीहोर के लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा । बैठक में मुख्य रुप से सतीश श्रीवास्तव , मनोज त्रिपाठी,पृथ्वी यादव,संतोष त्रिपाठी,मनीष दुबे,अवनीश दुबे,विनीत दुबे,शैलू खान सहित करैरा के पत्रकार साथी उपस्थित रहे, हर व्यक्ति को बैठक में अलग अलग कार्य सौंपे गये एवं अगली बैठक का आयोजन दिनारा में होगी यह भी समिति ने निर्णय लिया। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि करैरा जिला बनाने की जो मांग करेगा, हमारी समिति उसी का समर्थन करेगी। यह अभियान गांव गांव चलाया जाएगा। यह कोई राजनीतिक दल नही है, यह करैरा क्षेत्र के विकास के लिए जिला बनाने को लेकर समिति बनाई गई है।



## पीएम मोदी ने 'भारत' को वैश्विक व्यवस्था के केंद्र में रख दिया - बीएल संतोष

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में भारत की मेजबानी में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन भाषण के दौरान उनके आगे रखी नेम प्लेट ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे रखी नेम प्लेट पर 'भारत' लिखा हुआ था। दरअसल, इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में नेताओं के नाम के आगे उस देश के नाम की नेम प्लेट लगी होती है, जिस देश का वह नेता प्रतिनिधित्व करता है।

देश का नाम बदलने की कवायद और देश के अंदर भारत बनाम इंडिया को लेकर जारी बहस के बीच यह पहला मौका है, जब जी-20 जैसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे 'इंडिया' की बजाय अंग्रेजी भाषा में लिखे गए 'भारत' के नाम की नेम प्लेट लगी दिखी हो। भाजपा संगठन में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के बाद नंबर दो का स्थान रखने वाले पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने दावा किया कि दो बार निर्णायक जनादेश (पूर्ण बहुमत की सरकार), समावेशी विकास के प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के निर्माण और 9 वर्षों के अथक प्रयासों के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'भारत' को वैश्विक व्यवस्था के केंद्र में रख दिया है।



# अफ्रीकी संघ जी 20 समूह में शामिल

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी संघ को औपचारिक रूप से जी 20 समूह में स्थाई सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय जी 20 सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए इसकी घोषणा की । अफ्रीकी संघ को जी 20 समूह में शामिल करने का एजेंडा सम्मेलन की प्राथमिकताओं में शामिल था और इसीलिए प्रधानमंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में सबसे पहले इसका ऐलान किया। श्री मोदी ने कहा, आप सबकी सहमति से, आगे की कार्यवाही शुरू करने से पहले, मैं अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष को जी-20 के स्थाई सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूँ। उन्होंने कहा , भारत की जी-20 अध्यक्षता, देश के भीतर तथा देश के बाहर, समावेश और सबका साथ का प्रतीक बन गई है। भारत में यह पीपल्स जी -20 बन गया। करोड़ों भारतीय इससे जुड़े। देश के 60 से ज़्यादा शहरों में 200 से ज्यादा अधिक बैठकें हुईं। श्री मोदी ने कहा कि सबका साथ की भावना से ही भारत ने प्रस्ताव रखा था कि अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थाई सदयस्ता दी जाए। मेरा विश्वास है कि इस प्रस्ताव पर हम सब की सहमति है।



## 'कोई ताकत मुझे नहीं रोक सकती' : गिरफ्तारी के बाद बोले चंद्रबाबू नायडू; सड़कों पर उतरे तेदेपा समर्थक

**अमरावती।** सीआईडी ने शनिवार की सुबह आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी के प्रमुख नेता चंद्रबाबू नायडू को एपी कौशल विकास निगम घोटाले मामले में गिरफ्तारी किया है। अपनी गिरफ्तारी के कुछ ही देर बाद चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह तेलुगु लोगों के हितों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान देने के लिए तैयार है और ऐसा करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'मैं पिछले 45 वर्षों से तेलुगू लोगों की सेवा कर रहा हूं। उनके हितों की रक्षा के लिए मैं अपने जीवन का बलिदान देने के लिए तैयार हूं। इस पृथ्वी पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो मुझे तेलुगु लोगों, आंध्र प्रदेश और मेरी मातृभूमि की सेवा करने से रोक सके।' गिरफ्तारी के दौरान चंद्रबाबू नायडू ने लोगों और अपने पार्टी के समर्थकों से संयम बनाकर रखने को कहा। उन्होंने कहा, 'अंत में सत्य और धर्म की जीत होगी। वे मेरे साथ कुछ भी करें, लेकिन मैं लोगों के लिए आगे बढ़ता रहूंगा।' चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के बाद टीडीपी के समर्थकों ने जमकर हंगामा प्रदर्शन काटा। उन्होंने तिरूपति में अन्नपूर्णा सरुकुलु केंद्र में आग लगाकर प्रदर्शन किया। वहीं, महिला समर्थक हैदराबाद के केबीआर पार्क में पार्टी के झंडे के साथ गिरफ्तारी का विरोध कर रहीं हैं। उन्होंने राज्य के सीएम जगनमोहन रेड्डी का पुतला भी जलाया।



## केंद्र संस्कृति विभाग 17 सितंबर को 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' मनाएगा : रेड्डी

**हैदराबाद।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय संस्कृति विभाग 17 सितंबर को यहां परेड ग्राउंड में भव्यता के साथ 'राज्य मुक्ति दिवस' मनाएगा। श्री रेड्डी ने मीडिया को बताया कि निज़ाम के निरंकुश शासन से हैदराबाद की मुक्ति के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि इस दिन के ऐतिहासिक महत्व के बावजूद, पिछले 75 वर्षों से तेलंगाना में आधिकारिक तौर पर तेलंगाना मुक्ति दिवस नहीं मनाया गया है। भाजपा पिछले 25 वर्षों से, तेलंगाना मुक्ति समारोह की आधिकारिक मान्यता और आयोजन की मांग कर रही थीं। श्री रेड्डी ने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार और वर्तमान बीआरएस सरकार सहित लगातार सरकारों ने इन समारोहों के आयोजन में बहुत कम रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अटल है। पिछले साल, आज़ादी अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में भाजपा ने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा तिरंगा झंडा फहराने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्र सरकार के तत्वावधान में आधिकारिक तौर पर 'तेलंगाना मुक्ति समारोह' का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हैदराबाद में इन समारोहों की अध्यक्षता की।



# हर अस्पताल के लिए नियुक्त करें नोडल अधिकारी, हर शाम होगा निरीक्षण : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय अंतर्विभागीय बैठक में प्रदेश में संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपी के हर अस्पताल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। हर शाम को निरीक्षण भी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी व निजी अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में नए रोगियों की नियमित रिपोर्टिंग जरूर हो। प्रदेश के सभी पीएचसी/सीएचसी/जिला अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों के लिए जिलाधिकारी द्वारा एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। यह नोडल अधिकारी हर दिन सायंकाल अपने प्रभार के अस्पतालों की जांच कर व्यवस्था सुचारू बनाए रखें। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। आगामी अक्टूबर माह से इसका नवीन चरण प्रारंभ होना है। इसमें सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। हमारे सामने अपना इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और कोविड प्रबंधन के दो सफल मॉडल हैं, जो संचारी रोग अभियान में हमारे लिए उपयोगी होंगे। आज हर जिले में डेंगू जांच की सुविधा है। 15 नवम्बर तक का समय संचारी रोगों की दृष्टि से हमारे लिए संवेदनशील है। योगी ने कहा कि हाल के दिनों में गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, मुरादाबाद जनपद डेंगू से प्रभावित रहे हैं। बुलंदशहर व संबल में डेंगू आउटब्रेक की स्थिति भी देखी गई। जबकि बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, हारदोई बदायूं, पीलीभीत और संभल में मलेरिया का असर रहा है। इसी तरह, प्रयागराज, कानपुर नगर, बाराबंकी, कुशीनगर, संत कबीरनगर, सहारनपुर व बस्ती में चिकनगुनिया की दृष्टि से संवेदनशील हैं। इन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में इंसेफेलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी। 50 हजार बच्चों की मौत हुई। 2017 में हमने अंतर्विभागीय समिति बनाई, सभी विभागों ने मिलकर काम किया।



# एक घंटे की बारिश में ही अम्बाह नगर पालिका की खुली पोल टेकचन्द स्कूल सतीश की आरा के सामने रोड पर घुटने घुटने तक कल से भरा पानी...



केशब पंडित जी अम्बाह...

**अम्बाह...** अम्बाह शहर में हुई एक घंटे की बारिश ने अम्बाह नगर पालिका की पोल खोलकर रख दी है। शनिवार की शाम को हुई एक घंटे की बारिश से टेकचन्द रोड, सरकारी सिबिल हॉस्पीटल, हाथी गढ्ढा जूता गली जलमग्न हो गई। शहर के व्यस्तम मार्ग टेकचन्द स्कूल रोड की बॉउन्डी से लबालब पट्टी पर करीब डेढ फीट पानी भर जाने से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। वहीं अम्बाह नगर की हदय स्थली हाथी गढ्ढा जूता गली एवं अस्पताल परिषर में भी करीब एक से दो फीट पानी सड़क पर आ जाता है ऐसे में स्थानीय निवासियों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। एक घंटे की बारिश से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अम्बाह नगर पालिका स्वच्छता को लेकर कितनी सजग है। नगर पालिका के दावों की पोल खुलकर सामने आगई शनिवार को जब काली घटा के साथ बारिश होने लगी। तेज बारिश होने से जहां लोगों को उमस से राहत मिली तो वहीं कई क्षेत्रों में जलभराव देखने को मिला। तेज बारिश ने नगर पालिका के खोखले दावों की पोल खोल कर रख दी, कई स्थानों पर पानी भराव हो गया था जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्वच्छता के दावे करने, प्रतिज्ञा लेने वाले जनप्रतिनिधि का इस और कोई ध्यान नही है। यहां की सबसे बड़ी समस्या पानी निकासी,नाले की है और जगह जगह बीच रोड पर नालियो पर बने चैम्बर खुले पडे है जिनमे हादसे होरहै है शिकायते करने पर भी जू तक नही रेग रही है चुनाव के पहले तथा जितने बार्ड जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े बड़े दावे किए जाते है लेकिन इन वादों पर अमल नहीं होता है। स्वच्छता का संदेश देने व शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करने के वाली नगर पालिका अध्यक्षा अपने ही स्कूल पास क्षेत्र की समस्या को दूर करने में सफल नहीं है। वार्ड क्रमांक 2 में पानी निकासी व स्वच्छता के हाल बेहाल है जूता कॉलोनी एवं अस्पताल परिषर के सामने सड़क पर दो फीट पानी भरा अम्बाह शहर का वार्ड क्रमांक 2 नगर पालिका पार्षद का वार्ड है। इस वार्ड में भी नालों की ठीक से सफाई नहीं होने के कारण थोड़ी सी बारिश में पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। अक्सर थोडी सी बारिश में ही करीब एक से दो फीट पानी सडक पर जमा हो जाता है। जिससे स्थानीय नागरिकों को आने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगो का कहना है कि समय रहते अगर नालों की सफाई की जाती तो बारिश के दिनों में इस तरह की समस्या उत्पन्न नहीं होती। वही यही हाल जूता गली ब्राइट कैरियर स्कूल अम्बाह पचासा मैदान का भी है जहाँ बारिश में घुटने घुटने पानी भर जाता है।

## 6 राज्यों में 7 में से 4 सीटें जीतना 'इंडिया' गठबंधन की ताकत का सबूत : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन बेहद शक्तिशाली है, यही वजह है कि उन्होंने 6 राज्यों में हुए उपचुनावों में सात में से चार सीटें जीतीं।

केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया,' इंडिया' गठबंधन बहुत शक्तिशाली है। यही भाजपा की चिंता का कारण है। यही कारण है कि भाजपा देश का नाम बदलना चाहती है।' केजरीवाल ने पहले कहा था कि देश का नाम बदलना देश के साथ धोखा है।केजरीवाल ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, 'ये देश के साथ गद्दारी है। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन के कारण ही 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का प्रस्ताव भी पेश किया है। वे हर छह महीने में जनता का सामना नहीं करना चाहते, इसलिए 'एक देश एक चुनाव' की वकालत करते हैं। यदि अवधारणा स्वीकार कर ली जाती है, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि वे 5,000 रुपये में सिलेंडर बेचेंगे।'



# नेशनल हाईवे बंद होने से टापरी मंडी में फंसा 12 हजार पेटी सेब, बागवान परेशान

**शिमला।** निगुलसरी के 26 सेक्टर में पहाड़ी से भूस्खलन होने से बागवानों की वर्ष भर की मेहनत पर पानी फिरने के आसार बढ़ गए हैं। सड़क का करीब 400 मीटर हिस्सा ध्वस्त होने से बागवानों की सेब की फसल टापरी मंडी में फंस गई है। किसानों-बागवानों को अपनी नकदी फसल मंडी पहुंचाने की चिंता सता रही है। हालांकि जिले के किसानों-बागवानों की सेब और मटर की फसल मंडी पहुंचाने के लिए छोटा कंबा के पास स्पैन लगाया जा रहा है। गौर हो कि किन्नौर जिले के किसानों-बागवानों की आर्थिकी का मुख्य साधन सेब और मटर की फसल निगुलसरी में एनएच बाधित होने के कारण फंस गई है। जिले के टापरी स्थित एकमात्र फल मंडी में बागवानों की करीब 12 हजार सेब की पेटियां फंस गई हैं। इनमें करीब 10 हजार पेटियां ट्रकों और छोटे वाहनों में लोड की गई हैं, जबकि बागवानों की ढाई हजार पेटियां मंडी में फंसी हुई हैं। ऐसे में बागवानों और आढ़तियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। हालांकि मंडी में व्यापार कर रहे आढ़तियों का कहना है कि यदि समय रहते नेशनल हाईवे वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल नहीं हुआ, तो उन्हें मजबूरन सेब की फसल वाया काजा-मनाली होते हुए प्रदेश और देश की विभिन्न मंडियों में पहुंचानी पड़ेगी। ऐसे में उन्हें करीब चार सौ किलोमीटर अतिरिक्त सफर और आर्थिक मार झेलनी पड़ेगी। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिले के किसानों-बागवानों को आश्वासन दिया है कि एनएच को जल्द वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेब और मटर की फसल को मंडी पहुंचाने के लिए छोटा कंबा के पास दुमती में स्पैन लगाने का कार्य प्रगति पर है। जल्द ही इसे शुरू कर किसानों-बागवानों को राहत दी जाएगी। जिले के बागवानों की फसल को हर सूरत में मंडियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह नेगी, निचार मंडल अध्यक्ष मदन दनोरू, पूह मंडल अध्यक्ष सुभाष छोरज्ञा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवीन मोयान ने कहा कि यदि समय पर सड़क बहाल नहीं होती है तो मजबूरन काजा वाया मनाली होकर सेब की फसल मंडी पहुंचानी होगी, जिससे अधिक समय और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से समय रहते सड़क बहाल करने की मांग उठाई है।जानकारी के मुताबिक वीरवार को निगुलसरी में हल्का-हल्का भूस्खलन शुरू हो गया था। इसके चलते यहां से गुजर रहे दो वाहन भी एक चट्टान की चपेट में आ गए थे। हालांकि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

## फिल्म लापता लेडीज का टीजर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार आमिर खान निर्मित फिल्म लापता लेडीज का टीजर रिलीज हो गया है। आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव ने वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म 'धोबी घाट' का निर्देशन किया था। इस फिल्म में आमिर ने निर्माता के रुप में काम किया था। किरण राव लंबे अरसे के बाद लापता लेडीज के जरिये सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं।किरण राव के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'लापता लेडीज' का टीजर रिलीज कर दिया गया है।टीजर में जो दो नई दुल्हनों की कहानी देखने को मिलती है, जो ट्रेन यात्रा के दौरान खो जाती हैं। इसके बाद उनके पति पुलिस स्टेशन में जाकर उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाते हैं।पुलिस वाले बने रवि किशन जब उनसे उनकी पत्नी की फोटो मांगते हैं, तो वो उन्हें शादी वाली फोटो देते हैं। जिसे देख एक्टर चौंक जाते हैं, क्योंकि उसमें लड़की घूंघट में होती है और उसका चेहरा दिखाई नहीं देता।

## 'चंद्रमुखी 2' की आगे बढ़ी रिलीजिंग डेट



कंगना रनौत और राघव लॉरेंस की अपकमिंग फिल्म 'चंद्रमुखी 2' की रिलीज को आगे टेक्निकल कारणों के चलते आगे बढ़ा दिया है। लाइका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि फिल्म अब 28 सितंबर को रिलीज होगी। प्रोडक्शन हाउस ने नई रिलीज़ डेट के साथ एक वीडियो शेयर किया और इसे केप्शन दिया, "टेक्निकल कारणों के चलते चंद्रमुखी -2 की रिलीज डेट 28 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। राजा वेट्टेयन और चंद्रमुखी पहले की तुलना में इस बार ज्यादा मजबूत वापसी करेंगे।" पी. वासु द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 15 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। 'चंदमुखी 2' 2005 में रिलीज हुई रजनीकांत और ज्योतिका अभिनीत 'चंद्रमुखी' का सीक्वल है। यह एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर से पीड़ित है। 'चंद्रमुखी' निर्देशक की अपनी कन्नड़ फिल्म आप्तमित्र (2004) का आधिकारिक रीमेक है, जो मलयालम फिल्म मणिचित्राथाझु (1993) का रूपांतरण है।

## 'यारियां 2' का प्रमोशन जोर-शोर से शुरू



सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा निर्देशित फिल्म 'यारियां 2' का प्रमोशन जोर-शोर से जारी है। इस फिल्म में दिव्या खोसला कुमार, यश दासगुप्ता, मिजान जाफरी, अनास्वरा राजन, वरीना हुसेन, प्रिया वारियर और पर्ल वी पुरी जैसे महान कलाकार हैं। दिव्या, मीज़ान और पर्ल की बहन तिकड़ी ने कमाल किया है। दर्शक इस फिल्म में दिव्या और यश के बीच की मनमोहक केमिस्ट्री को भी देखने का अवसर पायेंगे। खासकर 'सिमरूं तेरा नाम' गाने की रिलीज के बाद लोगों का उत्साह काफी बढ़ गया है। प्रशंसक बेसब्री से 'लाडली' और 'अभय की प्रेम कहानी की' और 'झलक' गाने का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में, दिव्या और यश इस फिल्म के प्रमोशन के लिए कोलकाता में नज़र आये थे।

## शिल्पा शेट्टी ने राज कुंद्रा पर लुटाया 'प्यार'



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा के 48वें जन्मदिन के मौके पर एक पोस्ट लिखी और उन्हें एक खूबसूरत इंसान बताया। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर एक नेचर रिजर्व में घूमते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। बेकग्राउंड में हिरणों का झुंड नजर आ रहा है।

वीडियो में 'यूं ही कट जाएगा सफर' सॉन्ग प्ले हो रहा है। उन्होंने लिखाः इस जन्मदिन पर आपको मिरर गिफ्ट कर रही हूं, ताकि तुम भी वो देख सको, जो मैं रोज देखती हैं। कोई जो इतना मजाकिया और दयालु हैं। साथ ही बहुत अच्छे इंसान भी हैं। आप एक पार्टनर के तौर पर परफेक्ट हैं। हैप्पी बर्थडे, मेरी कुकी!" 2009 में शिल्पा की राज से सगाई हुई थी। दोनों ने उसी साल शादी कर ली। उन्होंने 2012 में अपने पहले बेटे का स्वागत किया और उसका नाम वियान रखा। कपल को फरवरी 2020 में सरोगेसी के जरिए दूसरी संतान एक लड़की हुई और उसका नाम समीशा रखा गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो, शिल्पा अपनी फिल्म 'सुखी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। यह फिल्म 38 वर्षीय पंजाबी गृहिणी सुखप्रीत 'सुखी' कालरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी नियमित जिंदगी से तंग आकर अपने स्कूल के रियूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाती है।

यह फिल्म सोनल जोशी के निर्देशन की पहली फिल्म है और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा द्वारा निर्मित है।

इसमें शिल्पा के साथ कुशा कपिला, दिलनाज ईरानी, पवलीन गुजराल, चेतन्य चौधरी और अमित साध हैं। फिल्म को राधिका आनंद ने लिखा है, जबकि पटकथा पॉलोमी दत्ता ने लिखी है। फिल्म का निर्माण निर्माताओं शेरनी, छोरी और जलसा, टी-सीरीज और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है।

## बॉलीवुड को एल्विश जैसे हीरो की जरूरत है:उर्वशी

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और 'बिग बॉस ओटीटी 2' के विजेता एल्विश यादव 'हम तो दीवाने' नामक एक नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। एल्विश के साथ काम करने को लेकर उर्वशी काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को उनके जैसे और हीरो की जरूरत है।

उन्होंने कहा, एल्विश यादव ने 'हम तो दीवाने' में वास्तव में शानदार काम किया है, जिससे हर कोई हैरान रह गया। मुझे लगता है कि बॉलीवुड को एल्विश जैसे हीरो की सख्त जरूरत है।

उन्होंने कहा, पूरी शूटिंग के दौरान, मेरा ध्यान केवल उन्हीं पर था, क्योंकि मेरा मानना है कि जब हीरो बेस्ट परफॉर्म करता है, तो ऑनस्क्रीन जोड़ी के रूप में हम बेस्ट दिखते हैं। दर्शक हमें अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करें। गाना का एक पोस्टर सामने आया है, जिसमें उनका अलग लुक नजर आ रहा है। उर्वशी वाइब्रेंट रेड अनारकली सूट में बहुत खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, चेकड शर्ट, ब्लेक पेंट और लेदर जेकेट में एल्विश यादव कूल और कॉन्फिडेंट वाइब्स दे रहे हैं। यह गाना 14 सितंबर को प्ले डीएम ऑफिशियल यूट्यूब चेनल पर रिलीज होने वाला है।



## बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान ने रचा इतिहास

बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में सुपरस्टार शाहरुख खान अब बॉलीवुड के असली किंग बन गए हैं। उनकी फिल्म जवान ने पहले दिन की कमाई में कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए हैं। हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई इस फिल्म ने घेरलू बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग मिली है। वहीं, दुनियाभर में भी कमाई के मामले में सबको पीछे छोड़कर नया मुकाम हासिल किया है। इतना ही नहीं, जवान की इस कमाई के साथ शाहरुख खान बॉलीवुड के ऐसे पहले सुपरस्टार बन गए हैं जिनकी दो फिल्मों को 100 करोड़ की ओपनिंग मिली है। जानते हैं कि जवान ने पहले दिन कमाई के कितने रिकॉर्ड बनाए, कितने रिकॉर्ड तोड़े। पहले दिन की कमाई के मामले में जवान बॉलीवुड की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म साबित हुई है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कुल 74 15 करोड़ की कमाई है। जवान फिल्म के हिंदी वर्जन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 65 15 करोड़ की कमाई की है। जवान को तमिल और तेलुगू वर्जन में भी अच्छी ओपनिंग मिली है। तमिल लेग्वेंज ने 5 13 करोड़ कमाए हैं और तेलुगु वर्जन भी 3 17 करोड़ कमाने में कामयाब रही है।



अटली कुमार के डायरेक्शन में बनी जवान ने वर्ल्डवाईड 129 16 करोड़ की कमाई के साथ ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिर से बवाल मचा दिया है। ये किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में ये बॉलीवुड की चौथी फिल्म सबसे बड़ी ओपनर फिल्म है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में आरआरआर नंबर वन पर है जिसने पहले दिन क्रहा 223 15 करोड़ का बिजनेस किया था। उसके बाद नंबर दो पर प्रभास की बाहुबली 2 है जिसने वर्ल्डवाइड क्रहा 214 15 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म केजीएफ 2 है जिसे क्रहा 164 15 करोड़ की ओपनिंग मिली थी। जवान की 75 करोड़ की बंपर ओपनिंग के साथ शाहरुख खान ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले भी बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड भी शाहरुख खान की फिल्म पठान के पास ही था। पठान को 57 करोड़ की ओपनिंग मिली थी। पठान के हिंदी वर्जन ने पहले दिन 55 करोड़ की कमाई की थी। जवान की रिलीज के साथ ही सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 की कमाई घट गई है। गुरुवार को गदर 2 सिर्फ 1 15 करोड़ ही कमा पाई। वहीं, आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की कमाई पर भी कम हो गई है। जवान की रिलीज के दिन ड्रीम गर्ल 2 ने 1 करोड़ की कमाई की है।

## 56 साल में भी यंग दिखते है बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार



बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अक्षय कुमार आज 56 वर्ष के हो गये। अक्षय कुमार (मूल नाम राजीव भाटिया) का जन्म 09 सितंबर 1967 को पंजाब के अमृतसर में एक मध्यम वर्गीय पंजाबी परिवार में हुआ था। उनका बचपन दिल्ली में बीता। पढ़ाई पूरी करने के बाद अक्षय बैंकाक चले गये और वहां बावर्ची का काम करने लगे। इस दौरान वह वहां मार्शल आर्ट सीखा करते थे। बैंकाक से लौटने के बाद अक्षय कुमार मुंबई आ गए और मार्शल आर्ट ट्रेनर का काम करने लगे। इसी दौरान अक्षय की मुलाकात फिल्मकार प्रमोद चक्रवर्ती से हुई। प्रमोद चकवर्ती ने उनसे अपनी फिल्म दीदार में काम करने की पेशकश की। इससे पहले हालांकि उनकी फिल्म सौगंध प्रदर्शित हो गयी।

इस बीच निर्देशक अब्बास मस्तान की नजर अक्षय कुमार पर पड़ी। उन्होंने उनसे अपनी फिल्म खिलाड़ी में काम करने का प्रस्ताव किया। वर्ष 1992 में प्रदर्शित रहस्य और रोमांच से भरी यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी और वह काफी हद तक इंडस्ट्री में पहचान बनाने में कामयाब हो गये। फिल्म खिलाड़ी की सफलता के बाद अक्षय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये। खिलाड़ी के बाद अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री में खिलाड़ी कुमार के नाम से मशहूर हो गये। इसके बाद फिल्मकारों ने उन्हें लेकर खिलाड़ी टाइटल वाली कई फिल्मों का निर्माण किया। इनमें मे खिलाड़ी तू अनाड़ी, सबसे बडा खिलाड़ी, खिलाड़ियों का खिलाड़ी, मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी, इंटरनेशनल खिलाड़ी, खिलाड़ी 420 आदि है।

वर्ष 1994 अक्षय कुमार के सिने केरियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इसी वर्ष उनकी ये दिल्लगी, मोहरा, सुहाग,

एलान और मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी जेसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। फिल्म ये दिल्लगी में उन्हें निर्माता निर्देशक यश चोपड़ा के साथ पहली बार काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी किये गये। वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म मोहरा सिने करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। वर्ष 1994 में ही अक्षय कुमार की फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी भी प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उन्होंने सैफ अली खान के साथ मिलकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस फिल्म में उन पर फिल्माया गीत में खिलाड़ी तू अनाड़ी दर्शको के बीच काफी लोकप्रिय हुआ। इन फिल्मों की सफलता के अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गये।वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म दिल तो पागल है अक्षय कुमार की सुपरहिट फिल्म में शुमार की जाती है। इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर से निर्माता, निर्देशक यश चोपड़ा के साथ काम करने का अवसर मिला। इसमें उनके सामने शाहरूख खान थे, इसके बावजूद अक्षय कुमार छोटी सी भूमिका के जरिये दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे। फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित भी किये गये।

## एक नजर...

### जहां भागवत कथा होती है, वहां भक्ति अपने आप पहुंच जाती हैः पंडित शास्त्री।



पुष्पाजंली टुडे

**कुक्षी।** श्रीमद् भागवत पुराण सभी प्रकार के कल्याण देने वाला ग्रंथ है। भागवत कथा में सकाम कर्म,निष्काम कर्म, ज्ञान- साधना, सिद्धि- साधना, भक्ति, मर्यादा आदि रहस्यों का समन्वय उपलब्ध होता है। ज्ञान, भक्ति, वैराग्य यह महान ग्रंथ है। उक्त प्रेरक उद्गार नगर के श्री आई माताजी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के प्रथम दिवस पंडित मधुसूदन शास्त्री ने व्यक्त किये- उन्होंने कहा जहां भागवत कथा होती है, वहां भक्ति अपने आप स्वयं पहुंच जाती है कलयुग में केवल भक्ति ही सब दुखों का सार है। भागवत कथा का मुख्य उद्देश्य भक्ति मार्ग या योग है। श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण को सभी देवों व स्वयं भगवान के रूप को दर्शाया गया हैं। भागवत कथा में रस भाव की भक्ति को भी बताया गया है।उन्होंने कहा हर व्यक्ति को रोजाना कम से कम भागवत कथा का एक श्लोक अर्थ के साथ पढ़ना चाहिए। पंडित कन्हैयालाल शास्त्री और पंडित मधु मधुसूदन शास्त्री के कुक्षी आगमन पर क्षत्रिय सीरवी समाज सकल पंच तथा श्रीआई माता मंदिर के पुजारी के साथ वरिष्ठ जनों ने स्वागत किया। कथा के पूर्व यजमान रमेश चंद्र काग (पूर्व पार्षद नगर परिषद) ने भागवत पुराण पोथी का पूजन अर्चन कर आरती उतारी।

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा मौ नगर में पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़

**भिंड-** मौ नगर में आज भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा मौ नगर में पहुंची जहां पर मौ नगर के कई कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत यात्रा में कई दिग्गज नेता शामिल हुए जिसमें भोजपुरी फिल्म सुपरस्टार सांसद दिल्ली श्री मनोज तिवारी जी एवं गृहमंत्री आदरणीय श्री नरोत्तम मिश्रा जी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय प्रभात झा जी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लाल सिंह आर्य जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे

### आप पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर पहुंच कर पार्टी की गारंटी को बताएंगे



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** आम आदमी पार्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के लोगों के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो गारंटी सौपी है, उन गारंटी को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता मध्य प्रदेश के घर -घर में जाकर गारंटी के बारे में बताएंगे। आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा, बसपा और कांग्रेस के घोषणा पत्र कागज का टुकड़ा होता है। जिसे चुनाव के बाद ये लोग रद्दी मे फेक देते हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी जो कहती है वो करके दिखाती है।

### भूपेश की राजनीति ने जी. 20 के गौरव क्षण में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व से वंचित किया- साव

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि जब विश्व की तमाम महाशक्तियां भारत की गौरवशाली संस्कृति की थाप पर झूम रही हैं तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घटिया राजनीति ने जी. 20 के गौरव क्षण में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व से वंचित किया है। जी 20 के आयोजन पर कांग्रेस विघ्न संतोषी की भूमिका निभा रही है। उसके राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तक इस सम्मेलन को लेकर जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, वह कांग्रेस के चरित्र के अनुकूल ही है। जी. 20 सम्मेलन में आए मेहमानों के सम्मान में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने रात्रि भोज का आयोजन किया तो इस पर भी कांग्रेस राजनीति कर रही है। यह कोई राजनीतिक सम्मेलन नहीं है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जी 20 विश्व की 70 फीसदी आबादी, 85 प्रतिशत जीडीपी और 80 प्रतिशत उत्पादन का प्रतिनिधित्व करता है। मोदी जी के प्रयासों से अफ्रीकन यूनियन को इस समूह में शामिल करने के बाद अब यह समूह विश्व की 88 फ़ीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहा है। जी. 20 सम्मेलन विश्व की तमाम महा शक्तियों का संगम है। भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। यह हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है। इस सम्मेलन में भारत का मान उत्कर्ष पर है। तब कांग्रेस संकीर्ण मानसिकता का प्रदर्शन कर रही है।

# मतदाता जागरूकता संगोष्ठी एवं रैली शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद में जी 20 एवं मतदाता जागरूकता दिवस के तहत एनसीसी 30 बटालियन भिंड के तत्व धान में हुआ संपन्न

महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे

**भिंड।** मतदाता जागरूकता संगोष्ठी एवं रैली संपन्न शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद में आज जी 20 एवं मतदाता जागरूकता दिवस के तहत एनसीसी 30 बटालियन भिंड के तत्व धान में एक कार्यकर्ता संगोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया रैली के आयोजन से पूर्व विद्यालय के सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य श्री रविंद्र जी चौहान द्वारा कहा गया की आज का दिल्ली सम्मेलन न केवल आर्थिक व्यवस्था में सुधार का सम्मेलन है अपितु यह विभिन्न देशों में होने वाले युद्ध पर रोक लगाने में भी कारगर होगा रूस यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में इसकी विशेष भूमिका रहेगी इस अवसर पर विद्यालय के उप्राचार्य धर्मेंद्र भदोरिया द्वारा कहा गया कि सभी छात्रों को मन लगाकर अध्ययन करते हुए आगे बढ़ाना है तभी हम राष्ट्र को ज्ञान विज्ञान के उच्च शिखर पर पहुंचा सकते हैं छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने अब्दुल कलाम के जीवन की एक घटना पर प्रकाश डाला जिसमें कहा गया था कि वह जब देहरादून से वापस आ रहे थे तो मे उन्हें एक संत द्वारा जो प्रेरणा दी गई वह न केवल मिसाइल मैन बनाने में सहयोगी हुई अपित देश के प्रथम नागरिक पद पर पहुंचने में भी प्रेरणादाई हुई इस अवसर पर कन्या विद्यालय के पूर्व प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज द्वारा कहा गया कि जब छात्र-छात्राएं अपने लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ते हैं तभी वह राष्ट्रहित में कार्य कर सकते हैं उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा छात्र देश हित में ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़कर देशहित में कार्य कर सकते हैं शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्रधानाध्यापक आचार्य बृजमोहन शर्मा द्वारा कहा गया कि भारत पूर्व में जगतगुरु होकर संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करने वाला रहा है आज की परिस्थितियों में भी यदि हम सक्षम नेतृत्व के माध्यम से आगे बढ़ेंगे तो वह समय दूर नहीं होगा जब हम दोबारा विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित होकर भारत माता को स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान करेंगे विद्यालय के प्लान प्रभारी चित्रकांत एनसीसी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा एनसीसी बटालियन से आए पुष्पराज सिंह एवं अन्य अन्य विद्वान जनों के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं नगर के मान्य जान विभिन्न चैनलों के रिपोर्टर पत्रकारिता क्षेत्र के संवाददाता विशेष रूप से उपस्थित रहे।




# काश्मीर तो क्या मोदी ने चांद पर तिरंगा लहरा दिया तिवारी ,गोहद की बेहतरी के लिए भाजपा को बोट दे , झा

## काग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है ,नरोत्तम

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद-** ,भाजपा प्रदेश नेतृत्व में आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा के गोहद आगमन पर नया बस स्टैंड पर भोजपुरी सिनेमा कलाकार दिल्ली सांसद मनोज तिवारी के मुख्य आतिथ्य, गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ,पूर्व सांसद प्रभात झा ,भिण्ड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय के विशिष्ट आतिथ्य में जनसभा का आयोजन किया गया मंच पर जन आशीर्वाद यात्रा प्रदेश प्रभारी मुकेश चौधरी लालसिह आर्य पूर्व बिधायक रणवीर जाटव ,रणवीर रावत ,वीरेंद्र राणा, रामबाबू उपाध्याय, गब्बर सिंह गुर्जर, सोबरन पटेल अविनाश भटेले कमल सिह तोमर चन्द्रशेखर शर्मा, धर्मेन्द्र गुर्जर नाथू सिह गुर्जर देवेंद्र नरवरिया अशोक गुर्जर विवेक जेन दीपक तोमर उपस्थित थे जन आशीर्वाद यात्रा ने एक बजे बिरखडी गांव में प्रवेश किया जहां से चार पहिया वाहन एवं बाईकों के साथ यात्रा गोहद अटल चौक पहुंची जहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने माल्यार्पण किया तथा नगर के मुख्य मार्गो से यात्रा निकलकर नया बस स्टैंड पहुची नया बस स्टैंड पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 वर्षो में किये ऐतिहासिक कार्यो को गाने के माध्यम से प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि पहले भारत के भाग्य का फैसला बाहर होता लेकिन अब दुनिया का फैसला भारत करता है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण जी 20 सम्मेलन का आयोजन भारत मे होना और अफ्रीका यूनियन को जी 20 मे सदस्य बनना है उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान बड़ा है भाजपा जो कहती है उससे ज्यादा करती है आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए ग्रह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस लिखित में झुठ बोलने वाली पार्टी है उसने 2018 के बिधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र में जो बादे किये वो झूठे निकले न कर्जा माफ हुआ और ना ही बेरोजगारी भत्ता मिला उन्होंने कहा कि अगर आप लालसिह आर्य को विजयी बनाते हो तो नरोत्तम ब्याज में मिलेगा यहाँ पूर्व सांसद प्रभात झा ने कहा कि मध्यप्रदेश में सर्वाधिक लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित है मध्यप्रदेश में पांचवी बार भाजपा की सरकार बन रही है विचारधारा का गौरव सरकार बनने से होता है कार्यकर्ता पार्टी की रीड़ की हड्डी होता है एक एक सीट से सरकार बनती है भाजपा ने सदैव जनता को ईश्वर का रूप माना है और उसी ईश्वर रूपी जनता का आशीर्वाद लेने हम आपके बीच आये है इस अवसर पर गोहद बिधानसभा भाजपा प्रत्याशी लालसिह आर्य ने कहा कि शायद मां ने काला टीका नहीं लगाया गोहद को जाने किसकी नजर लग गई है कि बीते पांच वर्षों में एक ईंट तक नही लगी न भूमिपूजन हुआ और नही उद्घाटन दो कन्डो पर वोट देकर बड़ी गलती की पूरा बिकास थम गया मेरे पूर्व कार्यकाल में विकास की अनवरत श्रंखला स्थापित हो रही थी पार्टी मुझे टिकट देकर मुझे आपकी सेवा करने का मौका दिया है आप मुझे आशीर्वाद दो में गोहद के विकास व आपकी सुरक्षा व प्रतिष्ठा की गारंटी लेता हूं इस अवसर पर सांसद संध्या राय, पूर्व विधायक रणवीर जाटव ने सम्बोधित किया जन आशीर्वाद यात्रा ने बिरखड़ी गांव से गोहद बिधानसभा में प्रवेश किया यहाँ भाजपा द्वारा अगवानी की यात्रा गोहद नगर में गोहद चोराहा, कीरतपुरा, मंडी तिराहा ,अटल चौक, भोलनजी का मंदिर ,गंज बाजार , गर्ल्स स्कूल ,भानू की घटिया किला रोड, पुराना बस स्टेंड खुशी मोबाइल सेंटर, सीता रामजी का मंदिर स्टाल लगाकर भिविन्न समाजो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गुमास्ता कानून के तहत गोहद का बाजार बंद था जिससे यात्रा सफलता पूर्वक निकल सकी





# हमारे रीति रिवाज परंपरा हमारी आई पंथ की पहचान है...

पुष्पाजंली टुडे

**सिंघाना।** हमारी संस्कृति हमारी परंपरा पहनावा हमारे रीति रिवाज हमारी आई पंथ की पहचान है इसमें परिवर्तन ना करते हुए कुरितियो पर परिवर्तन हो..! धर्म समाज और संस्कृति हमारी परंपरा बनी रहे उक्त बात यहां अभा सिर्वी महासभा मनावर तहसील स्तरीय बैठक सिर्वी समाज धर्मशाला सिंघाना में प्रांतीय अध्यक्ष सीए भगवान जी लछेटा ने कहे अपने आगे कहा कि बदलते परिवेश के साथ हमें अपनी संस्कृत धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में फिल्मी बदलाव पर अंकुश लगाने का प्रयास करना चाहिए जब हम मांगलिक कार्यक्रमों और उत्सव में ढोल बजाते जब समाज बंधु साफा बांधकर नगर में निकल जाए तो हमारी पहचान हमारी संस्कृति अलग ही नजर आती है लेकिन आज सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में डीजे पर फिल्मी गीत बजाकर हम हमारी संस्कृति को धूलित करने का काम करते हैं यह हमें प्रतिबंध करना चाहिए साथ ही आपने शिक्षा सहायता कोस एव सामाजिक जनगणना के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर अतिथियों द्वारा श्री आई माता जी के चित्र का पूजन अर्चन कर बैठक का शुभारंभ किया इस पावन अवसर पर परगना जिला अध्यक्ष राधेश्याम मुकाती, मध्यप्रदेश जनगणना प्रभारी शेखर जी भायल , मुकेश गेहलोत , कपिल सोलंकी , इजी. अशोक राठौर,आदि ने भी अपने विचार रखें इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष संदीप सेप्टा , युवा संगठन जिला अध्यक्ष नरेंद्र देवड़ा , सिर्वी समाज सकल पंच अध्यक्ष भगवान बरफा , कमल बरफा युवा संगठन तहसील अध्यक्ष हरीश लछेटा हरिदास स्मारक ट्रस्ट के भनालाल जी सोलंकी, लक्ष्मण परिहार , राजू देवड़ा बलीपुर , लखन हम्मड मनावर, सोहन सोलंकी विआपी , अजय आईजी , सहित बैठक में इकाई अध्यक्ष, तहसील प्रतिनिधि, जिला प्रतिनिधि उपस्थित थे साथ ही जनगणना पुस्तक का वितरण प्रांतीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष एवं अतिथियों द्वारा किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रतिनिधि अशोक राठौर ने किया आभार तहसील अध्यक्ष संदीप सेप्टा द्वारा किया गया. उक्त जानकारी तहसील मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिघाना द्वारा दी गई



# किसान पुत्र मुख्यमंत्री के राज में अन्नदाता परेशान



**सीहोर।** अल्प वर्षा के कारण सीहोर जिले के किसान बहुत ज्यादा परेशान और हताश हो गए हैं। अन्नदाता की परेशानी को दूर करने उनका हालचाल जानने ओर उन्हें इस मुश्किल घड़ी वर्तमान सरकार और सरकार के चरणों में दंडवत करता शासन प्रशासन अपनी आंखे मूंदे अपनी मस्ती और हठधर्मिता में व्यस्त है। इधर अन्नदाता जिले में फसलों के चौपट होने के कारण परेशान है और सरकार के मुखिया किसान पुत्र शिवराज सिंह चौहान किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई करने के बजाय बड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित करवा रहें हे और सत्ता और प्रदेश की जनता की मेहनत की कमाई की फिजूलखर्ची इन कार्यक्रमों में कर रहे हे। शासन प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार व्यक्ती इस मुश्किल भरे समय में किसानों की सुध नहीं ले रहा हे। यह मुख्यमंत्री जी के ग्रह जिले और उनके विधानसभा क्षेत्र की वास्तविक स्तिथि हे।खुद तो मुख्यमंत्री खर्चीली सभाओं मे उड़नखटोले से आते है ताकि प्रदेश की टूटी फुटी सड़को पर हिचकोले खाने से बच सकें। सत्ता शासन प्रशासन का आम जनमानस और अन्नदाता के लिए ये बेरुखी वाला रवैया लोगों को खून के आंसू रुला रहा हे। इस सभी मुद्दों पर युवा कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा बुदनी विधानसभा किसानों और वंचितों के हित में अपने विचार प्रेस वार्ता के माध्यम से जनता के सामने रखेंगे और अंधी बहरी और अहंकारी शासन प्रशासन व्यवस्था को कुंभकर्णी नींद से जगाने का प्रयास करेंगे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478